दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज




● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 15 फरवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 529

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहार पोस्टर के जरिए राजद ने सीएम नीतीश कुमार को घेरा, तेजस्वी यादव को लेकर किया बड़ा दावा




**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** दिल्ली चुनाव के बाद अब बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हलचल दिखने लगी है. इसी बीच राष्ट्रीय जनता दल की तरफ से पोस्टर के जरिए तेजस्वी यादव की सरकार आने का दावा किया जा रहा है. साथ ही कहा जा रहा है कि तेजस्वी ही मुख्यमंत्री बनेंगे. दरअसल, ऋषि नाम के एक सामाजिक कार्यकर्ता ने पटना में पोस्टर लगवाए हैं. पोस्टर में तेजस्वी यादव को एक घोड़े पर सवारी करते हुए दिखाया गया है. उनके हाथ में आरजेडी का चुनाव चिन्ह लालटेन भी है। पोस्टर पर लिखा गया है कि 17 महीने वाली तेजतर्रार तेजस्वी सरकार आ रही है. तेजस्वी को तेज रफ्तार से आगे बढ़ते हुए दिखाया गया है. वहीं नीचे एक जगह लिखा है कि तेजस्वी विकास–2025 में फुल स्पीड से होगा. दूसरी तरफ पोस्टर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक कछुआ पर बैठे हुए दिखाया गया। उनकी पीठ में कुर्सी बंधी हुई दिखाई गई है। सीएम नीतीश की तस्वीर के ऊपर लिखा है 20 साल में बिहार के विकास की स्पीड. नीतीश कुमार पर पोस्टर के जरिए हमला किया गया है कि उनको सिर्फ कुर्सी से मतलब है. बार–बार पलटी मारते रहते हैं. बिहार में विकास की स्पीड जीरो है।

**राजद लगातार कर रही बड़े दावे :** बता दें कि आरजेडी बार–बार कहती है कि बिहार में महागठबंधन की सरकार में जब 17 महीने तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे, तब पांच लाख लोगों को रोजगार दिया गया. जातीय गणना करवाई गई. आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया. हर क्षेत्र में विकास हो रहा था. पोस्टर के जरिए यह मैसेज देने की कोशिश की गई है कि उन 17 महीने में जिस तरह से तेजस्वी यादव ने काम किया आगे भी वैसा ही करेंगे. इस बार इस तेजस्वी यादव की सरकार रहेगी और वे ही मुख्यमंत्री रहेंगे. हालांकि इस पोस्टर पर अभी किसी राजनेता की प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# देश में 400 सीटें पाने का सपना अधूरा, बिहार में 225 सीट कब्जाना एनडीए के लिए कितना आसान?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** लोकसभा चुनाव में एनडीए ने पूरे देश में 400 पार का नारा दिया था, जिसके बाद विपक्षी दलों के नेताओं ने संविधान बदलने का नैरेटिव सामने ला दिया और फिर एनडीए की खटिया खड़ी हो गई और 300 सीट पूरा करने में भी पसीने आ गए। अब यही काम बिहार एनडीए ने किया है. बिहार एनडीए ने खुद के लिए 2025 में 225 सीटों पर विजयश्री हासिल करने का टारगेट सेट किया है. कुछ समय पहले बिहार एनडीए के नेता 210 सीटों पर जीत हासिल करने का दावा कर रहे थे, लेकिन बीच में कुछ ऐसा हुआ होगा कि टारगेट फिर से सेट करना पड़ा और अब जो टारगेट तय हुआ है वह 225 का है. ऐसे में सवाल उठता है कि बिहार एनडीए की ओर से जो टारगेट तय हुआ है, उसका हश्र भी लोकसभा चुनाव में एनडीए के 400 पार वाले टारगेट की तरह न हो जाए।

एनडीए के नेताओं का दावा है कि विधानसभा चुनाव 2025 में हर हाल में 225 सीटें जीतेंगे. इसके लिए एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहा है. एनडीए के सभी नेता एक साथ प्रेस कांफ्रेंस कर रहे हैं. एकजुटता का संदेश दिया जा रहा है. राज्य, जिला, अनुमंडल और ब्लॉक



के बाद इसे बूथ लेवल तक ले जाने की तैयारी है. एनडीए 2010 के अपने रिकॉर्ड को तोड़ना चाहता है. उस समय एनडीए को 206 सीटें हासिल हुई थीं. तब जेडीयू को 115 और भाजपा को 91 सीटों पर जीत हासिल हुई थी. यह एनडीए का अब तक का सबसे शानदार परफॉर्मेंस है. यह भी दीगर बात है कि तब एनडीए में केवल भाजपा और जेडीयू थे. अब एनडीए में कुल मिलाकर 6 दल शामिल हैं. अगर पशुपति कुमार पारस अलग हो जाते हैं तो भी 5 दल बचते हैं. कुल मिलाकर एनडीए ने अपना दायरा बढ़ाया है और एकता दिखाने की भी कोशिश की जा रही है।

पिछले विधानसभा चुनाव की बात करें तो भाजपा 74 सीटों के साथ दूसरे नंबर की पार्टी बनी थी और जेडीयू को केवल 43 सीटें हासिल हुई थीं. जेडीयू नंबर के लिहाज से तीसरी सबसे बड़ी पार्टी रह गई थी. जीतन राम मांझी की हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा को 4 और विकासशील इंसान पार्टी को भी 4 सीटों पर जीत हासिल हुई थी. कुल मिलाकर एनडीए ने बहुमत 122 सीटों के अलावा 7 विधायकों का जुगाड़ किया था. इसमें चिराग पासवान वाली तत्कालीन लोजपा का एक विधायक भी शामिल था, जिसने बाद में जेडीयू का दामन थाम लिया था. तब महागठबंधन महज 12,000 वोटों के मामूली अंतर से पीछे छूट गया था. अब सवाल यह है कि क्या एनडीए अपना टारगेट अचीव कर सकता है या नहीं, क्योंकि इसमें सबसे बड़ा रोड़ा शीट शेयरिंग का है।

सीट शेयरिंग की बात करें तो चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी: रामविलास 70 सीटों पर अपनी दावेदारी पेश कर रही है. दूसरी ओर जीतन राम मांझी 40 सीटों पर गिद्धदृष्टि जमाए बैठे हैं. मांझी ने तो 20 से कम सीटें मिलने पर मोदी कैबिनेट से इस्तीफा देने की चेतावनी भी दे दी थी. हालांकि बाद में वे खंडन करते दिखे थे. उपेंद्र कुशवाहा ने अभी तक अपनी पार्टी के लिए सीटों की संख्या नहीं बताई है, लेकिन 8 से 10 सीटों पर उनकी भी नजर होगी. और अंत में भाजपा और जेडीयू शायद ही 100–100 से कम सीटों पर चुनाव मैदान में जाएंगे. इसलिए सीट शेयरिंग इस समय एनडीए के लिए सबसे बड़ी चुनौती साबित होगी।

इसमें कोई दोराय नहीं है कि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह अपर हैंड लेकर चल रही है. सीट शेयरिंग में भाजपा की कोशिश एनडीए के सभी दलों पर हावी होने की होगी. टारगेट 225 को पाने में सबसे मजबूत और सबसे कमजोर कड़ी अगर कोई है तो वो हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार. मजबूत इसलिए कि उनके पास अति पिछड़ा वर्ग के लोगों का ऐसा वोट बैंक है,।

## लालू यादव ने कहा-हमारे रहते कैसे सरकार बनाएगी भाजपा? बीजेपी का पलटवार-वो रहेंगे या नहीं, ये तय नहीं'

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू यादव ने आगामी बिहार चुनाव में भाजपा के हार की गारंटी दे दी तो बिहार का सियासी तापमान भी चढ़ गया. लालू यादव ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि दिल्ली चुनाव का असर बिहार में नहीं दिखेगा और उनके रहते भाजपा की जीत बिहार में नहीं हो सकती. लालू के इस बयान का जवाब भाजपा ने भी दिया है. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजद को निशाने पर लेते हुए लालू यादव पर हमला बोला।

**उपमुख्यमंत्री बोले– एनडीए का आना तय, लालू रहेंगे या नहीं ये तय नहीं:** भाजपा नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लालू यादव के दावे पर पलटवार किया. उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार का आना तय है. लालू यादव रहेंगे या नहीं रहेंगे ये जरूर तय नहीं है. विजय सिन्हा ने लालू यादव पर हमला बोलते हुए कहा–' श्रीमान लालू प्रसाद यादव जी, अब आपका रहना भी जरूरी नहीं है. क्योंकि बिहारी को आपने लज्जित किया और बिहारी शब्द को गाली बनाया. आपने जातिय उन्माद पैदा करके भाई से भाई को लड़ाया और बिहार को बर्बाद किया. इसलिए आपके जैसे लोगों को रहने की जरूरत ही नहीं है. आप रहें ना रहें एनडीए का आना तय है।

**भाजपा प्रवक्ता ने भी किया पलटवार:** भाजपा प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्रा ने भी लालू यादव पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि लालू जी मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं. जब उनका सपना टूटेगा तो असलीयत सामने आएगी. राजद को इतना जोर पटका जनता मारेगी कि राजद कभी खड़ा होने लायक नहीं रहेगा. प्रवक्ता ने लालू–राबड़ी शासनकाल पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि लालटेन युग में बिहार के लोग कभी नहीं लौटना चाहेंगे।



### क्या है लालू यादव का बयान?

दरअसल, भाजपा ने लालू यादव के उस बयान का पलटवार किया है जिसमें मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए राजद सुप्रीमो ने कहा कि दिल्ली चुनाव वाला हाल बिहार में नहीं होगा. लालू यादव ने कहा कि उनके रहते भाजपा बिहार में नहीं जीत सकती है और सरकार नहीं बना सकती. वो भाजपा को नहीं जीतने देंगे। इस बयान से सियासी गर्मी बढ़ी है।

# अडानी पर राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरा, कहा अमेरिका में भी भ्रष्टाचार पर पर्दा डाला

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय अमेरिका की यात्रा के बाद अब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने सवाल खड़े कर दिए हैं. कांग्रेस नेता लगातार उद्योगपति गौतम अडानी का मुद्दा उठाते रहे हैं. इसी बीच उन्होंने एक बार फिर उद्योगपति अडानी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा. राहुल गांधी ने कहा, अमेरिका में भी मोदी ने अडानी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया.

पीएम मोदी ने अपनी इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की और इस मीटिंग के बाद मीडिया से भी मुखातिब हुए. मीडिया ने पीएम से अडानी से जुड़ा सवाल किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल पूछा गया कि



अमेरिका न्याय विभाग ने उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ रिश्वतखोरी के जो आरोप दायर किए गए थे उसको लेकर उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप से क्या चर्चा की. इस पर पीएम मोदी ने जवाब दिया, दो देशों के नेता व्यक्तिगत मामलों पर चर्चा नहीं करते हैं. पीएम के इसी बयान को लेकर अब राहुल गांधी ने निशाना साधा है.

राहुल गांधी ने पीएम मोदी के इस जवाब पर निशाना साधते हुए ही सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया. कांग्रेस नेता ने कहा, देश में सवाल पूछो तो चुप्पी, विदेश में पूछो तो निजी मामला! अमेरिका में भी मोदी जी ने अडानी जी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया! जब मित्र की जेब भरना मोदी जी के लिए राष्ट्र निर्माण है, तब रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है.

पीएम मोदी की गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात हुई. इस मीटिंग के दौरान दोनों नेताओं ने आर्थिक, रक्षा, तकनीक समेत कई मुद्दों पर चर्चा की. इसी के बाद जब पीएम मोदी मीडिया से मुखातिब हुए तो उनसे गौतम अडानी रिश्वतखोरी मामले से जुड़ा सवाल पूछा गया. उन से पूछा गया कि क्या इस मामले में राष्ट्रपति ट्रंप से कोई बातचीत हुई है तो उन्होंने कहा, भारत एक लोकतंत्र है और वसुधैव कुटुंबकम हमारी संस्कृति है और पूरे देश को हम एक परिवार मानते हैं. उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि हर भारतीय मेरा अपना है. दूसरी बात यह है कि ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देश के नेता न मिलते हैं, न बैठते हैं, न बात करते हैं.

नवंबर 2024 में जिस समय अमेरिका में जो बाइडेन की सरकार थी उस समय देश में सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के मामले में गौतम अडानी समेत अडानी एनर्जी के अधिकारियों पर 2100 करोड़ रुपये के रिश्वतखोरी के आरोप सामने आए थे.

# ममता बनर्जी की बिहारी पॉलिटिक्स, लालू यादव के लिए झटका तो राहुल गांधी के लिए साबित हो सकता है मौका

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** करीब दो महीने पहले की ही बात है जब राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का समर्थन किया था. ममता ने इंडिया गठबंधन का नेतृत्व संभालने की इच्छा जताई थी और लालू ने इसके लिए हामी भरी थी. अब ममता का एक बयान ही लालू के लिए मुसीबत बन सकता है. दूसरी ओर, इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को लेकर ममता और लालू के रुख से आहत हुए कांग्रेस के लिए यह एक और मौका साबित हो सकता है. इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रही कांग्रेस ममता के बयान के बहाने बिहारी




अस्मिता का मुद्दा उठाकर लालू को भी बैकफुट पर धकेल सकती है।

ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि भाजपा बंगाल में बिहारी लोगों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ रही है. भाजपा ने यही काम महाराष्ट्र और दिल्ली में किया और सत्ता हासिल करने में सफल रही, लेकिन बंगाल में ऐसा संभव नहीं है. वे बंगाल में भाजपा की इस रणनीति को सफल नहीं होने देंगी।

**एनडीए ने साधा निशाना:** कहने को तो यह बयान बंगाली बनाम बाहरी से संबंधित है. ममता पहले भी ऐसे बयान देती रही हैं. बंगाल में अभी चुनाव नहीं हैं और ममता को इसका खास सियासी नुकसान होने की संभावना भी नहीं है, लेकिन फिलहाल इस बयान ने भाजपा और एनडीए को एक मौका दे दिया है. एनडीए के नेता इसे ममता के बिहार–विरोध के रूप में प्रचारित कर रहे हैं. जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ममता बनर्जी ने कहा है कि ममता बनर्जी पहले भी अप्रत्यक्ष तरीके से बिहारी और बाहरी लोगों पर आरोप लगाती रही हैं.

### राजद के लिए मुश्किल

ममता ने यह बयान देकर बिहार में महागठबंधन की राजनीति को कठघरे में खड़ा कर दिया है. इसके जरिए जदयू और भाजपा के नेता महागठबंधन के नेताओं को बिहार–विरोधी बताकर इसे चुनावी हथियार बनाएंगे. लालू यादव का इसके लपेटे में आना तय है, क्योंकि उन्हें ममता का समर्थक माना जाता है.

# पीएम मोदी को मिला ट्रंप का साथ, अब घुटना टेकेगा पाकिस्तान

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक साथ मिलकर आतंक के खिलाफ पाकिस्तान को आह्वान किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि पाकिस्तान 26/11 के मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाने के लिए अपने प्रयास में 'तेजी' लाए। ट्रंप ने इस नृशंस हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को भारत को प्रत्यर्पित करने को मंजूरी देने की घोषणा की है।

**आतंक के मुद्दे पर हुई खास बातचीत:** दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति ने गुरुवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) में पीएम मोदी की मेजबानी की। दोनों नेताओं ने आतंक के मुद्दे पर मुखरता से अपना पक्ष रखा और पाकिस्तान को चेतावनी भी दी।

**तहव्वुर राणा को प्रत्यर्पित करने को ट्रंप ने दी मंजूरी :** पीएम मोदी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि उनके प्रशासन ने दुनिया के 'सबसे बुरे लोगों' में से एक (तहव्वुर राणा) को भारत प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, 'वह न्याय का सामना करने के लिए भारत वापस जा रहा है।' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, 'हम उसे तुरंत भारत वापस भेज रहे हैं।'

**पीएम मोदी ने ट्रंप को कहा धन्यवाद;** ट्रंप ने कहा कि इस तरह के और प्रत्यर्पण हो सकते हैं क्योंकि हमारे

### 26/11 हमलों के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का सिग्नल



पास (भारत से) काफी अनुरोध हैं। मोदी ने इस फैसले के लिए ट्रंप को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'मैं राष्ट्रपति का आभारी हूं कि उन्होंने 2008 में भारत में हत्याओं को अंजाम देने वाले अपराधी को अब भारत को सौंपने का फैसला किया है।

**आतंकवाद को 'खत्म' करने के लिए ठोस कार्रवाई जरूरी:** पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में 'मजबूती से एक साथ' खड़े हैं और दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि सीमा पार आतंकवाद को 'खत्म' करने के लिए ठोस कार्रवाई जरूरी है। संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने मुंबई हमलों जैसे जघन्य कृत्यों को रोकने के लिए अल–कायदा, आईएसआईएस, जैश–ए–मोहम्मद सहित आतंकवादी समूहों से आतंकी खतरों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

### आतंकवादियों के पनाहगाहों को खत्म किया जाना चाहिए

दोनों नेताओं ने इस बात की भी पुष्टि की कि आतंकवाद के 'वैश्विक खतरे' से लड़ा जाना चाहिए और दुनिया के हर कोने से आतंकवादियों के पनाहगाहों को खत्म किया जाना चाहिए। बयान के अनुसार, 'उन्होंने 26/11 को मुंबई में हुए हमलों जैसे जघन्य कृत्यों को रोकने के लिए आतंकवादी खतरों के खिलाफ सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

# एफ-35 फाइटर जेट की ये खासियत अन्य लड़ाकू विमानों से करती हैं अलग, जानें कीमत 0 अन्य चीजें

**लोक तंत्र की आवाज़**

**वाशिंगटन।** प्रधानमंत्री मोदी के साथ बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका भारत को अपनी सैन्य बिक्री में अरबों डॉलर की बढ़ोतरी करेगा और उनका प्रशासन भारत को एफ–35 स्टील्थ लड़ाकू विमान मुहैया कराने का रास्ता साफ कर रहा है। ट्रंप ने कहा कि उनका देश जल्द ही पांचवी पीढ़ी का आधुनिक लड़ाकू विमान भारत को बेचेगा।

लॉकहीड मार्टिन द्वारा अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए विकसित एफ–35 लाइटनिंग क्क दुनिया के सबसे उन्नत और बहुमुखी लड़ाकू विमानों में से एक है। ये लड़ाकू विमान अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस



है। यह किसी विपरीत परिस्थितियों में दुश्मन को या अपने टारगेट पर अचूक वार कर सकता है। इसकी स्पीड इतनी ज्यादा है कि यह दुश्मन के रडार में आसानी से नहीं आएगा।

संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित और डिज़ाइन किया गया, एफ–35 दुनिया के सबसे उन्नत और बहुमुखी लड़ाकू जेट में से एक है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि एफ–35 आज के समय में संचालन में सबसे गुप्त लड़ाकू विमान हो सकता है। ये एफ–35 लड़ाकू जेट सिंगल ीऋइंजन का उपयोग करते हैं जो 40,000 पाउंड का थ्रस्ट पैदा करता है, जिससे यह मैक 1.6 (1,200 मील प्रति घंटे) की हाई स्पीड (सुपरसोनिक) तक पहुंच सकता है।

***एफ–35A (मानक संस्करण) के लिए 80 मिलियन डॉलर***

एफ–35B (शॉर्ट टेकऑफ़/वर्टिकल लैंडिंग) के लिए 115 मिलियन डॉलर

एफ–35C (विमान वाहक के लिए डिज़ाइन किया गया) के लिए 110 मिलियन डॉलर

एफ–35 का संचालन भी बहुत महंगा है, प्रत्येक उड़ान प्रति घंटे की लागत लगभग 36,000 डॉलर है।

एफ–35 लड़ाकू जेट की विशेष विशेषता

# मछली, मल्लाह और मखाना से कौन कर रहा बिहार में खेला, क्या मुंह ताकते रह जाएंगे तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी?

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार विधानसभा का इस बार का चुनाव कई मायनों में खास होने वाला है. हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली जीत से उत्साहित बीजेपी बिहार में भी नए–नए प्रयोग करने लगी है. बिहार चुनाव से ठीक पहले बीजेपी ने मछली, मल्लाह और मखाना ट्रीपल– एम वाला पॉलिटिक्स शुरू कर वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को बैकफुट पर ला दिया है. बीजेपी ट्रिपल– एम वाला फॉर्मूले से बिहार के एक बड़े वोट बैंक को साधने में लग गई है. बिहार में मखाना बोर्ड का गठन, मछली पालन के लिए एक से




बढ़कर एक योजना और मिथिलांचल में कोसी प्रोजेक्ट की मंजूरी देकर बीजीपी ने एक बड़े वोट बैंक को साध लिया है।

बिहार के आगामी चुनाव में इतना तो साफ हो गया है कि इस बार बीजेपी मछली, मल्लाह और मखाना का मुद्दा भी आरजेडी के हाथ ले लिया. अब तेजस्वी यादव और वीआईपी पार्टी के मुकेश सहनी लोकसभा चुनाव की तरह आने वाले विधानसभा चुनाव में भी हेलिकॉप्टर में मछली खाकर वीडियो पोस्ट करते रहेंगे और बीजेपी लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी बाजी मार ले जाएगी. क्योंकि, बीते लोकसभा चुनाव में दोनों ने मछली, मखाना और मल्लाह को लेकर खूब राजनीति की थी।

**मछली, मखाना और मल्लाह कार्ड से जीतेगी बीजेपी?:** बीजेपी ने बिहार चुनाव से पहले बड़ा मास्टर स्ट्रोक खेलकर सभी को हैरान कर दिया है. मोदी सरकार के इस फैसले से वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी की राजनीति भी खतरे पड़ सकती है. बिहार में सन ऑफ मल्लाह के नाम से फेमस मुकेश सहनी लोकसभा चुनाव में महागठबंधन के साथ बिहार में तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़े थे. लेकिन, तीनों सीट पर उनकी हार हुई थी.

# अमेरिका से भारत को मिलेगा पांचवी पीढ़ी का खतरनाक लड़ाकू विमान, मोदी–ट्रंप के बीच रक्षा क्षेत्र में हुए ये करार

**लोक तंत्र की आवाज़**

**वाशिंगटन।** अमेरिका अपना सबसे खतरनाक और लेटेस्टेस टेक्नोलॉजी से लैस फाइटर जेट एफ–35 भारत को देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी दौरे से एफ–35 फाइटर जेट भारत को मिलने का रास्ता खुल गया है। खुद अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनका देश भारत को एफ–35 लड़ाकू विमान मुहैया कराएगा। भारत से रक्षा सहयोग पर ट्रंप ने कहा कि भारत को जल्द ही I–35 फाइटर जेट मुहैया कराया जाएगा। अमेरिका राष्ट्रपति ट्रंप ने ये बातें पीएम मोदी के साथ संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में कही।



**ट्रंप ने खोला एफ–35 के लिए रास्ता:** डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका भारत से रक्षा सहयोग को और बढ़ाएगा। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि इस साल से हम भारत को कई अरबों डॉलर की सैन्य बिक्री बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि लॉकहीड मार्टिन I–35 लाइटनिंग क्क भी भारत को उपलब्ध कराए जाएंगे।

एफ–35 स्टील्थ फाइटर पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। इस महीने की शुरुआत में बेंगलुरु के येलहंका एयर फ़ोर्स स्टेशन पर एशिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी, एयरो इंडिया के 15वें संस्करण में इसने भाग लिया था।

**ट्रंप ने कही ये बातें:** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद घोषणा की कि वाशिंगटन अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति बढ़ाने के हिस्से के रूप में नई दिल्ली को एफ–35 लड़ाकू विमान प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। पीएम मोदी के साथ व्यापक बातचीत करने के बाद ट्रंप ने कहा कि दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच एक ₹विशेष बंधन₹ है और दोनों पक्षों ने ऊर्जा, महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और कनेक्टिविटी जैसे विविध क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया है।

### रक्षा क्षेत्र में बड़ा विस्तार

1. 10 साल की मेजर डिफेंस पार्टनरशिप
2. 6 अतिरिक्त पी 8कविमानों की खरीद
3. जैवलिन मिसाइल और स्ट्राइकर वाहनों का सह–उत्पादन
4. ASIA पहल के तहत रक्षा तकनीक में साझेदारी

## संक्षिप्त खबरें ।

### नेवारी के पुंज में लगी आग, 40 हजार रुपये की नेवारी जलकर राख



लोक तंत्र कीआवाज
हिसुआ। हिसुआ यादव नगर में नेवारी के तीन पुंजो में आग लगने से दो किसानों का 40 हजार से अधिक का नुकसान हो गया है। किसान सुरेश यादव एवं रामसरूप यादव ने बताया कि यादव नगर के एक लोग की मृत्यु उपरांत दाहसंस्कार में हमलोग तिलैया शमशान घाट पर गये हुए थे,तभी अचानक किसी ने फोन किया कि आपका नेवारी का पुंज में आग लगा हुआ है ।जब मौके पर पहुंचे तो ग्रामीण लोग आग बुझा रहे थे। हिसुआ थाना को फोन के द्वारा सूचित किया, तब मौके पर 112 की पुलिस एवं अग्निशमक के टीम ग्रामीणों के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से तबतक तीन पुंज जल चुका था। लोगो ने बताया कि जबतक लोग आग बुझाने के लि दौड़कर पहुंचे, तब तक आग ने नेवारी के पुंज को पूरी तरह अपने आगोश में ले लिया था। ग्रामीणों के घंटों मशक्कत के बाद अग्निशामक के सहयोग से आग पर काबू पाया। आग किस तरह लगा है, यह जानकारी अभी तक नहीं हुआ है। पीड़ित सुरेश यादव एवं रामस्वरूप यादव ने करीब 40 हजार से अधिक की संपत्ति नुकसान होने की बात कही है। उन्होंने बताया कि हिसुआ थाना प्रभारी एवं हिसुआ अंचलाधिकारी को क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन देंगे।

### परेशानी :नाली का पानी सड़क पर बहने से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी



लोक तंत्र की आवाज
रौशन गुप्ता
गोविंदपुर( नवादा)। गोविंदपुर प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के दरमनिया बाजार वार्ड संख्या 2 में नाली का पानी मुख्य सड़क में बहने और जमा रहने से लोगों को आने-जाने में भारी मुसीबत झेलनी पड़ रही हैं। नाली जाम रहने से सड़क के ऊपर गंदा पानी बह रहा है। गंदा पानी बहने से संक्रामक बीमारी फैलने का भी खतरा उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि नाली का गंदापानी सड़क पर फैला रहता है। स्थानीय लोगों ने इसकी कई बार शिकायत की, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिला। नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से लोग परेशान हैं। सड़क पर बह रहे गंदे पानी से होकर आने-जाने को विवश हैं। गुहार लगाने के बाद भी सफाई नहीं कराई जा रही है। गंदा पानी सड़क पर जमा होने से बीमारी फैलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। मोहल्ला के रोहित कुमार, प्रमोद कुमार, रौशन कुमार कहना है कि नालियां सफाई नहीं होने से बजबजा रही हैं। गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध ग्रामीणों को सबसे अधिक परेशान कर रही है।

### 12 बोतल विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



लोक तंत्र कीआवाज
मेसकौर( नवादा)। प्रखंड के सीतामढ़ी थानाक्षेत्र से पुलिस ने 12 बोतल विदेशी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रेपुरा मोड़ के पास एनएच 82 पर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है ।सीतामढ़ी थाना अध्यक्ष रश्मि कुमारी ने बताया कि 12 बोतल इंपिरियल ब्लू 500एमएल का अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है ।गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पहचान कुंदन कुमार पिता श्रीकांत सिंह ग्राम दोस्ताना पोस्ट सिलाव जिला नालंदा का रहने वाला है। जिसे गिरफ्तार कर हिरासत में नवादा भेज दिया गया है।

### फर्जी तरीके से पुत्र बनकर जमीन हड़पने का प्रयास, पीड़ितों ने किया कार्रवाई की मांग

लोक तंत्र कीआवाज
सुनील कुमार
नवादा। जिले हिसुआ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 02 अंतर्गत कहरिया ग्राम में फर्जी तरीके से एक जाली केवाला का दाखिल खारिज कराकर जमीन को हड़पने और बिक्री करने का काम किया जा रहा है। जिसकी शिकायत हिसुआ अंचल कार्यालय एवं जनता दरबार में किया गया है। बता दें कि एक पक्ष विजेंद्र प्रसाद वर्मा ,श्रीकांत कुमार ,कैलाश माहतो ,प्रकाश माहतो ,शांति देवी ,रिंकू देवी ,रेणु देवी एवं प्रतिमा देवी ने लिखित आवेदन देकर कहा गया कि अंचल कार्यालय से जाली केवाला का दाखिल खारिज कर दिया गया है ,जिसका केवाला नंबर 16125 दिनांक 10/09/1986 है। उस जमीन के विक्रेता देवकी माहतो पिता मंगर माहतो है, जबकि आवेदकों द्वारा बताया गया कि देवकी माहतो पिता मंगर माहतो हमारे वंश के व्यक्ति भी नहीं है। देवकी माहतो पिता का नाम बदलकर रिशाल माहतो कर फर्जी तरीके से रिसाल महतो का पुत्र बनकर जमीन हड़पने के लिए किया गया है, जबकि स्व .रिशाल माहतो का पुत्र स्व .परमेश्वर माहतो ,स्व .शिवदयाल माहतो एवं स्व .रघु माहतो थे। हालांकि इस संबंध में 06 जनवरी 2025 को स्थानीय कहरिया ग्राम में हीं बंगाली मांझी वार्ड पार्षद वार्ड नंबर -02 के समक्ष पंचायती रखकर मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया। जिसमें दर्जनों ग्रामीणों ने पंच बनकर पुछताच किया ,तो पता चला कि स्व .रिसियाल माहतो पिता स्व .शुकन कोयरी के नाम से खतियान है ,जिसका पुराना खाता -141,142 एवं नया खाता -327, 137,210 एवं 324 बना है। जिसमें 137 और 327 खाता पर विवाद हो रहा है। जिसका मामला न्यायालय में चल रहा है। पंचों ने दोनों पक्षों को न्यायालय का निर्णय आने और उसपर अमल करने की बात कहकर समझा दिया गया है।

# रजौली: इंटर विद्यालय में पदस्थापित जूलॉजी के शिक्षक त्रिबेनी प्रसाद के हार्ट अटैक से हुई मौत



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** मुख्यालय के इंटर विद्यालय रजौली में पदस्थापित जूलॉजी के 52 वर्षीय शिक्षक त्रिबेनी प्रसाद की हार्ट अटैक के कारण शुक्रवार को मौत हो गई। शिक्षक के मौत के बाद अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में शिक्षकों एवं परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी।विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार तरुण ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा को लेकर सहयोगी शिक्षकों की मदद से सीट प्लानिंग का कार्य चल रहा है।इसी बीच लगभग साढ़े ग्यारह बजे विद्यालय के मैदान से दौड़कर आये कुछ लड़कों ने बताया कि त्रिबेनी सर चक्कर खाकर गिर गए हैं।

सूचना पाकर विद्यालय के सहयोगी शिक्षक सुबोध कुमार आदि के साथ मैदान पहुंचे और पानी का छींटा मारा गया। लेकिन शिक्षक त्रिबेनी प्रसाद होश में नहीं आ पाए,जिसके बाद तुरंत बेहोशी की हालत में इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. गजेंद्र कुमार ने जांच की जांच में मृत पाया गया। मृत होने की घटना सुनकर विद्यालय के शिक्षकगण स्तब्ध रह गए।वहीं घटना की सूचना मृतक शिक्षक के परिजनों को दिया गया।घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर शिक्षकों व परिजनों से भर गया।वहीं प्रत्यक्षदर्शी धोनी यादव ने बताया कि त्रिबेनी सर मैदान के रास्ते विद्यालय के पीछले द्वार से जाने के क्रम में मैदान में ही गिर पड़े,जिनको उठाने का प्रयास किया गया,किन्तु शिक्षक के नहीं उठने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक को इसकी सूचना दी गई।वहीं इंटर विद्यालय में पदस्थापित लाइब्रेरियन संजीव रंजन ने बताया कि मोबाइल के माध्यम से शिक्षक त्रिबेनी प्रसाद के बारे में सूचना मिलते ही वे विद्यालय से अस्पताल परिसर पहुंचे। उन्होंने कहा कि त्रिबेनी प्रसाद की मृत्यु से विद्यालय को अपूर्णीय क्षति हुई है।

दिवंगत शिक्षक साधारण जीवन शैली के शौकीन थे एवं उन्हें किसी प्रकार के स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी नहीं थी।अचानक उनका हमलोगों का साथ छोड़ जाना,बेहद ह्रदय विकारक घटना है।सहकर्मी शिक्षक आशुतोष प्रधान ने बताया कि गोपालनगर स्थित क्वार्टर से निकलने से पूर्व विद्यालय आने को लेकर बातचीत हुई थी।साथ ही कहा कि दिवंगत शिक्षक अपने पीछे पत्नी और दो बेटों को पीछे छोड़ गए हैं।दिवंगत शिक्षक की पत्नी झारखण्ड में शिक्षिका हैं एवं एक बेटा मेडिकल और दूसरा बेटा इंजीनियरिंग कर रहा है।परिजनों को सूचित किया गया है।उनके रजौली अस्पताल पहुंचने के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।वहीं अस्पताल परिसर में मौजूद शिक्षक नेता अजित सिंह ने भी गहरी संवेदना व्यक्त किया है।

● शिक्षक की मौत पर परिजनों एवं शिक्षकों में शोक

मौके पर प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार,इंटर विद्यालय के शिक्षक आंनदी प्रसाद,अनूप कुमार,सुबोध कुमार,सरिता कुमारी,बिरेन्द्र कुमार घोष,विजय चौधरी,पूर्व प्रधानाध्यापक अनिल सिंह,बिंदु सर एवं फुलवरिया विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार सहित दर्जनों लोग अस्पताल आ गए।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस



लोक तंत्र कीआवाज

**कौआकोल।** प्रखण्ड के गायत्री सरस्वती शिशु मंदिर कौआकोल में शुक्रवार को मातृ-पितृ पूजन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश कुमार की देखरेख एवं गायत्री मन्दिर के मुख्य पुजारी सुरेश प्रसाद के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विद्यालय के भईया-बहनों ने अपने अपने माता-पिता के चरण पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने बताया कि विद्या भारती संस्थान प्रत्येक वर्ष मातृ-पितृ पूजन समारोह मनाती है ताकि भईया-बहनें माता-पिता के महत्व को समझ सकें। उन्होंने कहा कि ये दुर्भाग्य ही कहा जाय कि आज के दिन लोग अपनी पौराणिक संस्कृति को भूलाकर पश्चिमी सभ्यता द्वारा थोपे गए वैलेंटाइन डे को मना रहे हैं। गायत्री परिवार के सुरेश प्रसाद ने कहा कि परिवार में माता-पिता ही प्रधान और प्रथम शिक्षक होते हैं और वे ही अपने बच्चों पर हर समय नजर रखते हैं। उनके ऊपर बड़ी जिम्मेवारी होती है। इसलिए हमें प्रत्येक दिन अपने माता-पिता का चरण स्पर्श कर उनके दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करनी चाहिए। मौके पर शिक्षा समिति के सदस्यों,विद्यालय के आचार्यों समेत दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

# सिरदला- दो बाइक पर लदा 230 लीटर महुआ शराब के साथ तीन लोग हुए गिरफ्तार



**लोकतंत्र की आवाज**
**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला नवादा।** सिरदला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के भलुआही आहार के पास से दो बाइक पर लदा 230 लीटर महुआ शराब जप्त किया है साथ मे तीन धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। सिरदला थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान क्षेत्र के सिधौल गांव निवासी महेंद्र प्रसाद के पुत्र छोटू कुमार एवं रंजन कुमार तथा क्षेत्र के पांडेडीह गांव निवासी प्रेमचंद प्रसाद के पुत्र रितेश कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 40/25 शराब अधिनियम के तहत प्राथमिक दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

# नवादा में प्रधानाध्यापक ने छात्रा से किया छेड़छाड़, छुट्टी के बदले चुम्मां मांगने का लगा आरोप



लोक तंत्र कीआवाज

**सुनील कुमार**
**नवादा।** जिले में शिक्षा का मंदिर में गुरु -शिष्या के रिश्ते को कलंकित करने का मामला उजागर हुआ है ,जहां छात्रा के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा हीं छुट्टी के बदले चुम्मां मांगने का आरोप लगाया गया है ।जिसके बाद स्थानीय लोगों एवं परिजनों ने सड़क जाम करते हुए जमकर बवाल काटा और शिक्षक को आरोप लगाते हुए धुनाई भी कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी शिक्षक को भीड़ के चंगुल से बचाकर थाने लायी है। जिसके बाद छात्रा के परिजनों के द्वारा दिए आवेदन पर पुलिस कांड संख्या 45/25 दर्ज कर पॉक्सो लगाते हुए कानूनी कार्रवाई करने की बात कही गयी है।

बता दें कि यह मामला जिले के कादिरगंज बाजार राजकीय मध्य विद्यालय से सामने आया है, जहां पदस्थापित प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार चौधरी ने छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया, तो स्थानीय लोगों का ग़ुस्सा भड़क उठा। आक्रोशित लोगों ने प्रधानाध्यापक की जमकर कुटाई के पश्चात कादिरगंज- नवादा पथ को विद्यालय के पास जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर के जाम को वापस करा अग्रेत्तर कार्रवाई आरंभ कर दी है।

● जमकर हंगामा कर किया सड़क जाम , प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी शिक्षक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कादिरगंज थानाध्यक्ष श्रवण राम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच आरंभ कर दी गयी है। बहरहाल थाने में पॉक्सो एक्ट लगाते हुए कांड संख्या 45/25 दर्ज कर लिया गया है। आरोपी शिक्षक को भीड़ से बचाकर थाने लाया गया है ,जहां से उसे न्यायालय में भेजा जाएगा। बता दें इसके एक माह पूर्व पकरीबरावां के एक विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। जिले के विद्यालयों में लगातार हो रही छेड़छाड़ की घटना से लोगों का विश्वास सरकारी विद्यालयों से समाप्त होने लगा है। मुझे दलित समझकर किया गया फंसाने की साजिश : इधर विद्यालय के प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार चौधरी ने बताया कि एक सोची समझी साजिश के तहत मुझे बदनाम करने और प्रताड़ित करने की साजिश स्थानीय लोगों द्वारा किया गया है। कोई भी शिक्षक अपने बच्चों के साथ ऐसी हरकत नहीं करेगा। मुझे हिसुआ प्रखंड के बलियारी स्थित विद्यालय में भी कुछ दबंगों द्वारा धमकी दिया गया और महादलित परिवार के बच्चों से आरोप लगवाया गया। बाद में सारा मामला साफ हुआ फिर मुझे कादिरगंज स्थित विद्यालय में योगदान कराया गया। यहां भी उन्हीं लोगों के उकसावे पर यहां के ग्रामीणों को मेरे खिलाफ भड़काया गया। सारी बातें बेबुनियाद है , चूंकि मैं महादलित समाज से आता हूँ। उच्च जाति के लोगों को मेरा प्राचार्य बनना और विद्यालय का नियम पालन कराना खटकता है। इसीलिए झूठी आरोप लगाकर फंसाया जा रहा है।

# गया कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सोलर प्लांट लगाने की सिस्टम को सिखाया गया प्रधानाचार्य



लोक तंत्र कीआवाज

**गया।** आज दिनांक 13 फरवरी को गया कॉलेज गया के परिसर में महाविद्यालय के स्किल सेंटर एवं आइसीआइसीआइ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में विद्यार्थियों को सोलर प्लांट लगाने के गुण को सिखाया गया और उन्हें उनकी पूरी ट्रेनिंग दी गई की सोलर सिस्टम किस तरह से इंस्टॉल किया जाता है, और इंस्टॉलेशन के बाद उसको किस तरह से बैटरी से कनेक्ट कर सप्लाई विभिन्न विभागों में कैसे दिया जाता है। छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर ट्रेनिंग ली और काफी उत्साहित दिखे ,

इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने विद्यार्थियों को नसीहत देते हुए कहा कि आप हमारे देश के ऊर्जावान भविष्य है पूरी ईमानदारी से स्किल इंडिया द्वारा दी जा रही ट्रेनिंग को ग्रहण करें और अपने परिवार समाज और देश का कल्याण करें उत्थान करें खुद को कौशल युक्त वन रोजगार लेने से ज्यादा रोजगार देने वाला बने, यह तभी संभव है जब आपके अंदर स्किल डेवलप होगा। ज्ञात हो की पिछले महीने ही महाविद्यालय परिसर में कौशल केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री आदरणीय जीतन राम मांझी जी के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया था ,यह बात की जानकारी गया कॉलेज गया के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार ने दी मौके उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी सोलर ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है ।इस मौके पर स्किल सेंटर के कोऑर्डिनेटर डॉ रशीद नईम बड़सर डॉ आदर्श गुप्ता ,श्री अमरजीत कुमार, श्री वीरेंद्र कुमार, सुश्री ब्यूटी सिंह, सोनी कुमारी, मोहम्मद आरिफ,सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद थे !

# जन सुराज आएगा तो हर जरुरत होगी पुरी : डॉ बी डी शर्मा

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** जनसुराज के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष डा बी डी शर्मा ने कहां कि बिहार के खास्ता हाल और हर तरफ बिना चढावा कोई काम नही होना, बुजुर्ग और दिव्याग एवं विधवा का भरण पोषण भी नहीं हो पा रही है युवा बाहर पलायण कर रहे हैं ऐसा नहीं हो इसके लिए बिहार में जन सुराज की सरकार आएगी तो युवाओं का पलायण बंद होगी,

बिहार में ही युवाओं को रोजगार मुहैया कराई जाएगी , युवाओं को दस से पचास हजार की रोजी रोजगार की गारंटी रहेगी।वही बुजुर्गों को छाठ वर्ष के उपर को हर महीने दो हजार महिला पुरुष को पेंशन दिया जाएगा, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिलाओं को गारंटी पर महिलाओं को व्यवसाय करने के लिए 4% ब्याज पर पैसा दिया जाएगा।




बिहार में ही बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा दिया जाएगा , पन्द्रह साल तक के हर गरीब बच्चे के लिए मुफ्त बेहतर शिक्षा की व्यवस्था करेगी जन सुराज सरकार, किसानों को खेती के से बेहतर कमाई होगी , जिससे नकदी फसलों खेती करने वाले किसानों के लिए मजदूरो की मुफ्त व्यवस्था किया जाएगा। इसके अलावा बहुत विकसित बिहार बनाने का काम करेगी जन सुराज सरकार।

# कार से गांजा के साथ चार लोग गिरफ्तार,भेजे गए जेल



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से उत्पाद बलों ने गुरुवार की रात एक लग्जरी कार से 984 ग्राम गांजे के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया।साथ ही कार को जब्त किया गया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में सघन जांच की जाती है। वही बीते गुरुवार की रात जांच के क्रम में झारखंड की ओर से आ रही मारुति स्विफ्ट डिजायर संख्या बीआर01जेडी9123 की जांच की गई।जांच के क्रम में लग्जरी कार में रहे एक बैग से 984 ग्राम गांजा बरामद किया गया। साथ ही कार पर सवार चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार लोगों की पहचान रोहतास जिले के दावत थाना क्षेत्र के अवाढ़ी गांव निवासी पवन तिवारी, भोजपुर जिले के धुबहां थाना क्षेत्र के इजरी पिपरा गांव निवासी अर्जुन कुमार गोंड व धर्मपुरा गांव निवासी प्रफुल्ल कुमार पांडेय एवं नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग गांव निवासी दीपक प्रसाद के रूप में हुआ है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया जब्त गांजा एवं कार के अलावे गिरफ्तार लोगों व वाहन स्वामी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं दूसरी ओर हरिवंश रथ नामक बस संख्या बीआर52पी3232 में सफर कर रहे वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र के लावापुर नारायणपुर गांव निवासी अखिलेश राय के पास से एक लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद किया गया एवं जीवन ज्योति बस संख्या बीआर06पीई2551 पर सवार रहे उपचालक मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र के सहबाजपुर गांव निवासी चन्दन कुमार के पास से शराब बरामद किया गया।

# रजौली: अफीम की खेती मामले में पुलिस ने एक प्राथमिकी एवं एक अप्राथमिकी अभियुक्त को किया गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती सवैयाटांड़ पंचायत के दुर्गम एवं घने जंगली क्षेत्र पेलमो करणपुर नामक जगह से बुधवार को पुलिस व प्रशासन के सहयोग से 20 कट्ठे की भूमि में लहलहा रहे अफीम की खेती को विनष्ट किया गया था। साथ ही मौके से एक व्यक्ति मानडीह गांव निवासी सोमर भोक्ता के पुत्र सुरेंद्र भोक्ता को गिरफ्तार किया गया था।छापेमारी को लेकर वनपाल राजू कुमार शर्मा के द्वारा लिखित आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।दर्ज प्राथमिकी में वनपाल ने बताया कि पेलमो करणपुर जंगल में अफीम की खेती बड़े पैमाने पर किये जाने की गुप्त सूचना मिली।

सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया एवं छापेमारी की गई।छापेमारी के दौरान अफीम की खेत से 3-4 लोग जंगल की ओर भागने लगे,जिसे पुलिस बलों के द्वारा खदेड़ा गया वही एक व्यक्ति सुरेंद्र भोक्ता को गिरफ्तार किया गया।वहीं तलाशी लिए जाने के क्रम में दो कीपैड मोबाइल बरामद कि गयी साथ ही खेत के बीच में रखे प्लास्टिक के दो डब्बे मिले।एक डब्बे में अफीम के लगभग 250 ग्राम दूध मिला एवं दूसरे डब्बे में अफीम के दूध को इकट्ठा किया गया। वही प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

● दो कीपैड मोबाइल व दो डब्बों में रखा अफीम का दूध को किया जब्त

थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि अफीम की खेती वाले मामले को लेकर पुलिस ने अबतक दो लोगों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार लोगों में प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त सुरेन्द्र भोक्ता के अलावे एक महिला पहवाचक गांव निवासी स्व. शिवालक भोक्ता की पत्नी मीणा देवी शामिल हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। एसडीपीओ गुलशन कुमार ने बताया कि अफीम की खेती को लेकर पुलिस ने अबतक दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।वहीं पुलिस अफीम की खेती करवाने वाले मुख्य सरगना की खोजबीन में जुटी हुई है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पुलिस थाने से 100 मीटर दूरी पर चोरीः हजारों की नगदी के साथ दो बीड़ी-सिगरेट की दुकानों से सामान चोरी

रिपोर्ट जसवीर सिंह



बिजनौर की तहसील चांदपुर में चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। थाना कोतवाली शहर से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित दो बीड़ी-सिगरेट की दुकानों में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात हुई। चोरों ने दुकानों के पीछे से लोहे की चादर काटकर अंदर प्रवेश किया और बीड़ी-सिगरेट, चिप्स, कुरकुरे समेत हजारों रुपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। दुकान मालिक कृष्ण कुमार और खूब सिंह को सुबहआसपास के लोगों से चोरी की सूचना मिली। मौके पर पहुंचकर उन्होंने देखा कि दुकान का पिछला हिस्सा टूटा हुआ था और अंदर का सारा सामान गायब था। दोनों पीड़ितों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी देता पीड़ित । पुलिस ने की जांच घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और पीड़ितों से विस्तृत जानकारी ली। यह घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करती है, क्योंकि थाने में 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं और आसपास गश्त भी होती है, फिर भी चोरों ने बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### चांदपुर के ककराला में दो मौत होने से मचा गांव में कोहराम

रिपोर्ट जसवीर सिंह



बिजनौर की तहसील चांदपुर के ग्राम ककराला भगवानपुर में पार्वती पति रोहित ने सुबह 11:00 बजे फ़ांशी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली परिवार में कोहराम मच गया और पार्वती के मायके वाले आ गए उन्होंने आकर उसके पति और सास ससुर व देवर पर पार्वती के मृत्यु होने का जिम्मेदार थहराया उन्हें बताया कि इसके पति शराब पीते थे और आए दिन पार्वती के साथ झगड़ा करते थे इनहोने हमारी लड़की को मौत के घाट उतर दिया पार्वती के दो बच्चे हैं एक लड़का व लड़की जब पार्वती के माईके वालों ने रोहित के साथ मार पिटाई पर उतारु होगये डर से रोहित ने पास में आ रही रेलवे ट्रैक पर जाकर शाम 4:00 बजे ट्रेन के नीचे कटकर अपनी आत्महत्या कर ली बताया जा रहा है कि इन दोनों की मौत की खबर सुनकर गांव में व आस पास में कोहराम मच गया है उनके मौत की खबर सुनकर चांदपुर थाना पुलिस और चौधरी वीर सिंह मौके पर पहुंचें पुलिस ने दोनो का पंचनामा भर कर पोस्टमॉर्टम के लिए बिजनौर को रेफर कर दिया।

### दुष्कर्म मामले में छेड़खानी का केस लिखवाने पर थाना प्रभारी सस्पेंड



**कुठौंद जालौन ।** दुष्कर्म मामले में छेड़खानी का केस लिखवाने पर थाना प्रभारी कुठौंद सस्पेंड। कुठौंद में एक महिला के साथ हुए दुष्कर्म मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में कुठौंद थाना प्रभारी केपी सरोज को निलंबित कर दिया गया है। एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। ए डी जी कानपुर जोन आलोक सिंह के निर्देश पर यह कार्यवाही की गई है। घटना 6 फरवरी की है, जब पीड़िता थाने पहुंची और थाना प्रभारी को बताया कि गांव के ही एक युवक विशाल ने उसके घर में घुसकर दुष्कर्म किया है। लेकिन थाना प्रभारी ने न केवल मामले को नजरअंदाज किया। बल्कि पीड़िता पर झूठा आरोप लगाने का दबाव बनाया। इतना ही नहीं, उन्होंने पीड़िता को दुष्कर्म की जगह छेड़खानी का प्रार्थना पत्र लिखवाने के लिए मजबूर किया। न्याय के लिए पीड़िता एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह के पास पहुंची। पूरी घटना से अवगत कराया। एडीजी ने एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार को जांच का आदेश दिया। सीओ जालौन शैलेंद्र कुमार बाजपेई की जांच में पीड़िता की शिकायत सही पाई गई। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ जांच कमेटी का गठन कर दिया गया।

# नहटौर ब्लाक परिसर में क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई आयोजित, क्षेत्र में होने वाले विभिन्न विकास कार्यों पर की गई चर्चा

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

**नहटौर।** ब्लॉक के डबाकरा हाल में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की गई साथ ही ग्राम प्रधानों ने ग्राम पंचायतों में बनाए गई जल विभाग द्वारा टंकी के दौरान गांव में तोड़ी गई सड़क तथा डाली गई पाइप लाइन लिकिज होने के मामले से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान न होने पर विरोध जताया। गुरुवार को विकास खंड के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में गत कार्यवाही की पुष्टि की गई। बैठक में पशुपालन विभाग की ओर से पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनुराग चौधरी ने पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए समय समय पर लगने वाले टीकाकरण के बारे में जानकारी दी। एनआरएलएम योजना के बारे में एडीओ दीनदयाल ने विस्तार से जानकारी दी। एडीओ कृषि ने फसली ऋण, खाद्य वितरण, कृषि यंत्र आदि योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में ग्राम प्रधानों का आरोप था कि जल मिशन के अंतर्गत बनाए जा रहे ग्रामों में टंकी के निर्माण के दौरान बिछाई गई पाइप लाइन व सड़क तोड़ने के बाद सड़कों का निर्माण नहीं किया गया तथा पानी लिकिंज को बंद नहीं किया गया। जिससे गांव में समस्या बनी हुई है। उक्त समस्या को लेकर ग्राम प्रधानों ने हंगामा किया तथा सम्बन्धित विभाग के जेई से समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की। जिस पर खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने मामले को शांत करते हुए अवगत कराया कि अभी बनाई जा रही टकियां किसी भी ग्राम पंचायत में हैंड ओवर नहीं हुई है जब तक कार्य संतोषजनक नहीं होगा तब तक हैंड ओवर नहीं लिया जाएगा। साथ ही सम्बन्धित जेई को जिन ग्राम पंचायतों में समस्या बनी है उन्हें सही कराने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी ने मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम प्रधानों व क्षेत्र सदस्यों से ग्राम पंचायतों में होने वाले कार्यों के बारे में प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। इसके अलावा एडीओ पंचायत मनोज कुमार ने स्वच्छ शौचालय, ओडीएफ व स्वच्छता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बाल विकास परियोजना सीडीपीओ हेमलता पाल ने आंगनवाड़ी पुष्टाहार वितरण के बारे में जानकारी दी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ आशीष आर्य ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण टीकाकरण आदि के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से वित्त वर्ष में होने वाले कार्यों को शामिल कराने के लिए प्रस्ताव देने का आह्वान किया जिससे समय से उक्त कार्यों को शामिल करके कार्य कराए जा सके। उन्होंने ब्लॉक क्षेत्र में कार्य कराने के लिए सहयोग करके विकास कार्य कराने में पूर्ण सहभागिता करने का आह्वान किया। इस असवर पर प्रधान यशपाल सिंह, उदित कुमार, मौ फरमान, प्रशांत, तस्लीम अहमद, अजहर अली, हेमेंद्र कुमार, सत्यवीर सिंह, मौ इरफान, सत्येंद्र सिंह, निसार, शकील अहमद आदि ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी व संचालन एडीओ दीनदयाल ने किया।

# खनन माफियाओं के हौंसले बुलंद वनविभाग की टीम पर हमला



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**नजीबाबाद।** सूत्रों के अनुसार रात लगभग10बजे से ही पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग के ही कुछ अधिकारियों की मिलीभगत के चलते उत्तराखंड के कोटद्वार से नजीबाबाद मार्ग चौकी जाफराबाद एवं नजीबाबाद से हरिद्वार मार्ग पर भागूवाला चिड़ियापुर क्षेत्र से होकर गुजरते हैं बगैर प्रपत्रो के उत्तर प्रदेश के स्टोन क्रेसरो पर हाईवा डंपर एवं वाहन बालू रेत एवं आरबीएम लेकर आते हैं। खनन माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद हो गये है कि वह अपने काम को अंजाम देने के लिए कुछ भी कर सकते हैं और बराबर विभिन्न क्षेत्रों में रेत बजरी पत्थर और अवैध रूप से मिट्टी खनन कार्य जारी है और दिन-रात सड़कों पर दनदनाते हुए खनन माफियाओं के वाहन दिखाई दे रहे हैं वहीं हद तो तब हो गई जब वन्य जीव संरक्षण की टीम गशत कर रही थी और वन विभाग की टीम पर भागूवाला में खनन माफिया ने डंपर से टक्कर मारने का प्रयास किया लेकिन चाक-चौबंद टीम ने किसी तरह से अपने आप को बचा लिया और टक्कर मारने वाली डंपर का पीछा किया तभी खनन माफिया ने कार से पीछा किया और रोकने का प्रयास किया लेकिन टीम ने हिम्मत करके अवैध खनन से भरी डंपर को एक स्टोन क्रेशर के समीप जाकर पकड़ लिया जबकि चालक मौके से भागने में कामयाब हो गया और रात भर उसकी तलाश जारी रखा इस घटना से जहां वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है वहीं खनन माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद हो गये है कि वह अपने अवैध 1 खनन के धंधे में कुछ भी कर सकने को तैयार हैं और अगर समय रहते प्रशासन ने इस मामले में कड़ी कार्यवाही शुरू नहीं किया तो और भी बड़ी घटनाएं घटित हो सकती है।

# अब्यवस्थाओं का शिकार प्राचीन चित्रकूट आश्रम परिक्रमा पथ की भी हालत खस्ता

लोकतंत्र की आवाज

सीतापुर राकेश पाण्डेय

**सीतापुर।** फरवरी मार्च माह में सतयुग कालीन महर्षि दधीचि की स्मृतियों का संस्मरण कराता हुआ प्रति वर्ष फाल्गुन मास में परम्परागत रुप से यहां होने वाला विश्व विख्यात चौरासी कोसीय धार्मिक होली परिक्रमा मेला शुरू होने में चन्द दिनों का समय अवशेष हैं,प्रशासन द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार आगामी एक मार्च अमावस्या से पन्द्रह दिवसीय धार्मिक परिक्रमा नैमिषारण्य के चक्र तीर्थ में स्नानोपरान्त सन्त,महन्तों मठाधीशों पीठाधीशों,नागा साधुओं दण्डी साधुओं की अगुवाई में देश विदेश से आने वाले भारी संख्या में श्रद्धालु नरनारियों द्वारा हाथी घोड़ा,पालकी चौपहिया वाहनों पर सवार होकर और पैदल रामाधुनि के जयकारों के साथ शुरू कर दिया जायेगा।इसका पहला पड़ाव भगवान द्वारिकाधीश आश्रम मन्दिर कोरौना है फिर इस जनपद और गैर जनपद के दस बाहरी पड़ावों का भ्रमण तथा रैन बसेरा करता हुआ मिश्रित तीर्थ नगर में आ जायेगा।जहां पांच दिनों पूर्णिमा तिथि होलिका दहन तक दधीचि कुण्ड तीर्थ/मन्दिर की निरन्तर पंच कोशीय परिक्रमा भारी संख्या में धर्मावलम्बी नर नारियों द्वारा की जायेगी। मेला प्रशासन की लचर व्यवस्थाओं के चलते अबकी बार भी परिक्रमार्थियों को बदहाल और ककटाकीर्ण रास्तों से गुजरना पड़ेगा। ग्राम पंचायत भिठौली में स्थित प्राचीन चित्रकूट आश्रम पूरी तरह से अब्यवस्थाओं का शिकार बना हुआ है जबकि इसकी यह मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने अपनी धर्मपत्नी माता सीता और भ्राता लक्ष्मण के साथ अपने चौदह वर्षीय वनवास काल के दौरान यहां कुछ समय तक निवास किया था। इस प्राचीन आश्रम पर दसियों




हजार की संख्या में परिक्रमार्थी प्रतिवर्ष होने वाले चौरासी कोसीय धार्मिक परिक्रमा के दौरान अपना पड़ाव डाल कर रैन बसेरा करते हैं और पूजन-अर्चन- दर्शन करते हुये मिश्रित तीर्थ नगर के पांच दिवसीय पड़ाव पर आ जाते है जहां दधीचि कुण्ड तीर्थ/मन्दिर की पांच दिनों तक निरन्तर पंच कोसीय परिक्रमा होती है। यह भी बताते चलें कि चित्रकूट आश्रम/मन्दिर के निकट क्षेत्रीय ग्राम पंचायत भिठौली द्वारा बीते समयान्तराल में अमृत सरोवर तालाब का भी निर्माण कराया गया था जो वर्तमान में सूखा पड़ा है, जिम्मेदारों ने इसकी भी साफ सफाई और जल भराव तक नहीं कराया है वहीं मन्दिर की मरम्मत/ रंगाई पुताई भी नहीं कराई गयी है।इस आश्रम/मन्दिर परिसर में स्थित शौचालय भी जहां गन्दगी की चपेट में है वहीं यहां लगे दो इण्डिया मार्का नल दासियों हजार परिक्रमार्थियों की प्यास बुझाने के लिये पर्याप्त प्रतीत नहीं हो रहे हैं पथरीला और उबड़-खाबड़ मार्ग भी अतिक्रमण व अवैध कब्जों का शिकार है। मिश्रित ब्लॉक और तहसील अन्तर्गत पड़ने वाले चित्रकूट आश्रम व नौवाखेड़ा गांव के मध्य पड़ने वाले जंगल में परिक्रमा मार्ग कच्चा व पथरीला है मार्ग पर कटीली झाड़ियां बबुरी आदि के पेड़ खड़े है जिसकी अभी तक साफ सफाई की भी समुचित व्यवस्था जिम्मेदारों ने नहीं कराई है जब कि धार्मिक परिक्रमा यहां आने में चन्द दिनों का ही समय अवशेष हैं। नौवाखेड़ा गांव से सुर्जपुर गांव तक मार्ग पर अतिक्रमण के साथ ही अवैध कब्जे भी विद्यमान हैं बता दें कि नौवाखेड़ा गांव से सुर्जपुर गांव तक ग्रामीणों द्वारा गोबर घूरा डालकर परिक्रमा पथ के दोनों किनारों पर अतिक्रमण किया गया है मार्ग के दोनो तरफ की जमीन गड्ढायुक्त है, झाड़-झंखाड़ भी खड़ी है जिसकी साफ सफाई कराने की व्यवस्था भी जिम्मेदारों द्वारा शुरू नहीं कराई गयी है। इस बाबत प्रधान प्रतिनिधि राजन मिश्रा से बात की गई तो उनका कहना है कि लोक निर्माण विभाग का कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है जिससे यहां परिक्रमा पड़ाव मेला आने तक सड़क निर्माण का हो पाना सम्भव नहीं दिख पा रहा है उनका कहना है कि अगर समय पर सड़क न बन पाने की स्थिति हो तो कम से कम दोनो ओर की झाड़ झंखाड़ हटवा कर सफाई कराते हुये अगर मिट्टी पटान ही करा दिया जाये तो दसियों हजार परिक्रमार्थियों को परिक्रमा करने के दौरान कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रधान प्रतिनिधि का कहना है कि प्रशासन इस ओर से उदासीन बना हुआ है जिस ओर जिला प्रशासन को संज्ञान लेकर कदम उठाने की आवश्यकता है ताकि परिक्रमार्थियों को समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# 300 दलित परिवार प्यास से जूझने को हो रहे मजबूर

लोक तंत्र की आवाज

### सड़क निर्माण में टूटी पाइपलाइन, एक हैंडपंप पर 1500 लोगों की निर्भरता



**माधौगढ़ जालौन।** माधौगढ़ तहसील के जगम्मनपुर गांव में लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से एक गंभीर जल संकट मंडरा रहा है। स्टेट हाईवे के निर्माण के दौरान विभाग ने अंबेडकर मोहल्ले में जल संस्थान की करीब 200 मीटर लंबी पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिससे लगभग 300 दलित परिवारों की जल आपूर्ति ठप हो गई स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मोहल्ले में मौजूद तीन हैंडपंपों में से दो पहले से ही खराब पड़े हैं। मात्र एक हैंडपंप है कार्यरत हैंडपंप पर करीब 1500 लोगों की निर्भरता है, जहां एक बाल्टी पानी भरने के लिए लोगों को 40-50 मिनट तक लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। मोहल्ले के निवासी जसवंत दोहरे के अनुसार, अधिकांश लोग दैनिक मजदूरी पर निर्भर हैं। पानी की व्यवस्था में इतना समय खर्च होने के कारण वे अपने रोजगार पर भी नहीं जा पा रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खाद्य व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। जल संस्थान के सहायक अभियंता श्यामबहादुर का कहना है कि समस्या के समाधान के लिए कार्य प्रगति पर है। नई पाइपलाइन पहुंचा दी गई है और लोक निर्माण विभाग से सड़क की सीमा चिह्नित करने को कहा गया है, ताकि उसके बाहर पाइपलाइन बिछाई जा सके। लोक निर्माण विभाग के मेट अवधेश मिश्रा ने भी सड़क की सीमा चिह्नित करने का आश्वासन दिया है।

# उत्तराखंड डीएफओ कार्यालय पर काली पट्टी बांधकर धरना देंगे वन कर्मचारी

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट मुकेश सिंह

**हरिद्वार।** अपनी मांगों को लेकर वन कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार से भर्ती नियमावली में संशोधन, पदोन्नति सहित कई मांगों को लेकर वन बीट अधिकारी, वन आरक्षी संघ की ओर से कार्य बहिष्कार कर काली पट्टी बांध कर डीएफओ कार्यालय परिसर में धरना दिया जाएगा इसको लेकर कर्मचारियों ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मोहन चंद्र जोशी को ज्ञापन सोपा है। वन आरक्षी संघ के उपाध्यक्ष दुष्यंत सैनी ने कहा कि कर्मचारी अपने सम्मान के लिए आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारियों ने वर्ष 2018 में लागू वन दरोगा भर्ती नियमावली को संशोधित करते हुए 2016 से पूर्व की भर्ती नियमावली को लागू करने और वन दरोगा पदों पर वन आरक्षी की शत प्रतिशत पदोन्नति करने सहित कई मांगों को लगातार उठाते आ रहे हैं। महामंत्री ठाकुर सत्यवीर सिंह और प्रचार मंत्री राहुल नेगी ने कहा कि वन बीट अधिकारी, वन आरक्षी विभाग की रीढ़ हैं। उन्हें सामाजिक सम्मान और प्रतिष्ठा दिलाने के लिए उनके कंधे पर एक स्टार दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इन मांगों को लेकर ही शुक्रवार से कार्य बहिष्कार कर काली पट्टी बांधकर डीएफओ कार्यालय पर ध रना दिया जाएगा। अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो आगे की रणनीति तय कर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अजीत सिंह, राहुल नेगी, अभिषेक नौटियाल, करुण सैनी, मोनू कुमार, वैभव सिंगल, कविंदर, सुमित सहित वन आरक्षी कर्मचारी उपस्थित रहे आदि उपस्थित रहे।

### हैंठी गांव में सड़क निर्माण की मांग

सीतापुर राकेश पाण्डेय।

**सीतापुर।** जिले के विकास खण्ड रामपुर मथुरा अन्तर्गत आने वाले हैंठी गांव में सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने अपनी आवाज उठाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि विधायक से शिकायत के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हैंठी गांव के निवासी दिलेराम राजपूत ने बताया कि गांव के लोगों को धूल भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है,जिससे उन्हें बहुत परेशानी होती है।उन्होंने कहा कि अगर यह रास्ता निर्माण हो गया होता तो हम लोग भी आज पक्की रोड से गुजरते। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने क्षेत्रीय विधायक सेवता ज्ञान तिवारी व महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य से कई बार शिकायत की है,लेकिन अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है।ग्रामीणों ने कहा कि विधायकों के आश्वासन के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# सीतापुर की धरती पर ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ पत्रकार व अधिवक्ता तहरी भोज कार्यक्रम

लोकतंत्र की आवाज

सीतापुर राकेश पाण्डेय

**सीतापुर।** नगर क्षेत्र के कोट कर्बला चौराहा स्थित मन्नत लॉन में वरिष्ठ पत्रकार राहुल अरोड़ा के द्वारा पत्रकार व अधिवक्ताओं के मध्य समन्वय स्थापित करने हेतु ऐतिहासिक तहरी भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहरी भोज कार्यक्रम में लखनऊ के मान्यता प्राप्त टीवी पत्रकार स्व०धीरेंद्र श्रीवास्तव को सभी पत्रकार बंधुओं व अधिवक्ताओं द्वारा मौन धारण कर श्रद्धांजलि प्रस्तुत की। तहरी भोज कार्यक्रम के अवसर पत्रकारों व अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार साझा करते हुए शौकिया पत्रकारों को पत्रकारिता करने के तौर तरीकों से भी अवगत कराया।आज का दिन पत्रकारों के लिए सिर्फ एक पारम्परिक तहरी भोज तक सीमित नहीं रहा,बल्कि यह आपसी संवाद,एकजुटता और अधिकारों के लिए आवाज़ उठाने का भी अवसर बना। इस आयोजन में जिले भर के पत्रकार और अधिवक्ता शामिल हुए, जहां उनकी पेशेवर चुनौतियों और अधिकारों पर चर्चा हुई। खासतौर पर उन पत्रकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया,जो आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और सरकारी योजनाओं से वंचित हैं।चर्चा के दौरान यह सामने आया कि पत्रकारों के लिए भले ही कुछ सरकारी योजनाएं मौजूद हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि इनमें से कई सुविधाएं पत्रकारों तक पहुंच ही नहीं पातीं।पत्रकारों ने स्वास्थ्य बीमा,पेंशन,सुरक्षा,और प्रेस मान्यता जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग की। साथ ही, डिजिटल और फ्रीलांस पत्रकारों के लिए भी सरकारी सुविधाएं लागू करने की जरूरत पर ज़ोर दिया गया।पत्रकारों ने इस मुद्दे को सरकार तक पहुंचाने के लिए एक अहम कदम उठाने का फैसला किया है। स्थानीय प्रशासन को जल्द ही एक ज्ञापन सौंपा जाएगा, जो उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित होगा।₹ इस ज्ञापन में प्रमुख रूप से पांच मांगें रखी जाएंगी सभी पत्रकारों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू हो। फ्रीलांस और डिजिटल पत्रकारों को सरकारी मान्यता और सुविधाएं दी जाएं आर्थिक रूप से कमजोर पत्रकारों के लिए पेंशन और आर्थिक सहायता योजना शुरू की जाए। पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रेस सुरक्षा कानून को सख्ती से लागू किया जाए। जिला स्तर पर पत्रकार शिकायत निवारण प्रकोष्ठ स्थापित किया जाए। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया कि जब पत्रकार एक साथ खड़े होते हैं,तो वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूती से आवाज़ उठा सकते हैं। यह तहरी भोज न सिर्फ सौहार्द का प्रतीक बना, बल्कि पत्रकारों की एकता और जागरूकता की भी मिसाल बन गया। अब देखना होगा कि सरकार इस मांग पर कितनी जल्दी और कितनी गंभीरता से कार्रवाई करती है।



# डीएम ने कुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं को माला पहना कर स्वागत कर रवाना किया

लोक तंत्र की आवाज



**उरई जालौन ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम से लगभग 30 बुजुर्गों को प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए बस द्वारा रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बस को हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।वृद्ध आश्रम के बुजुर्ग श्रद्धालु महाकुंभ में पवित्र स्नान करने और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने के लिए बेहद उत्साहित थे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बुजुर्गों का स्वागत करते हुए उन्हें माला पहनाई और उनके मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी। इस यात्रा के दौरान बुजुर्गों के लिए सुरक्षा, चिकित्सा, भोजन और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।समाज कल्याण विभाग की ओर से यह पहल बुजुर्गों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से की गई है, ताकि वे अपने जीवन के इस पड़ाव पर मानसिक और आत्मिक शांति प्राप्त कर सकें। महाकुंभ का आयोजन बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक यात्रा के रूप में यादगार रहेगा। इस अवसर पर ज्वांइट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल, क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पीरपैंती: कैंडल मार्च निकाल कर शहीदों को नमन किया गया




लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पुलवामा में हुए शहीदों को किया गया नमन। शिक्षक चंदन राज और स्काउट के जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया ।जिसमें सैकड़ो बच्चे और साहित्यकार विद्वान उपस्थित रहे। साहित्यकार हरे राम निराला, प्रोफेसर सुदामा महतो, सिकंदर पंडित, प्रकाश शुक्ला ,अरुण तिवारी, शिवांश आजाद और शिवम गोस्वामी ने लाउडस्पीकर द्वारा नारा दिया जब तक सूरज चांद रहेगा शहीदों तेरा नाम रहेगा, मुकेश आजाद ने गीत के माध्यम से कहा दीप उनकी ही कब्र पर जलेंगे सदा, जिसने सर दे दिया है वतन के लिए, हिंद के नौजवानों उठो शान से, जिसने गर्दन कटाया वतन के लिए। शिक्षक चंदन राज ने कहा कहीं वैलेंटाइन डे मनाया गया तो कहीं शहीदों को याद किया गया।

### बिहपुर: बॉल बैडमिंटन पुरुष व महिला का आयोजन आज से




लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। जे.पी. कॉलेज नारायणपुर में अंतर महाविद्यालय बॉल बैडमिंटन पुरुष/महिला टूर्नामेंट का आयोजन 15/02/25 से 16/02/25 के बीच हो रहा है। टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालय की टीमें भाग ले रही है। आयोजन सचिव डॉ शैलेन्द्र ने कह कि मुख्य अतिथि में डीएसडब्ल्यू डॉ विजेंद्र कुमार एवं क्रीड़ा परिषद सचिव डॉ संजय जायसवाल होंगे। कार्यक्रम का उदघाटन सुबह 11 बजे होगा।पर्यवेक्षक के रूप डॉ दिव्य प्रियदर्शी व चयनकर्ता डॉ बिपिन,सुधांशु,संजय एवं ऑफिशियल में राज्य प्रवक्ता सह जिला सचिव ज्ञानदेव कुमार व अन्य रहेंगे ।

### पीरपैंती: मातृपितृ दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया






लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ पूजन का आयोजन धूमधाम से किया गया।जहां मातृ पितृ दिवस मनाया जाता है। सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में दिल छू देने वाला कार्यक्रम किया गया। सभी बच्चों को मातृ पितृ पूजन कराया गया। यहां आचार्य के द्वारा मंत्र उच्चारण किया गया और बच्चों के द्वारा माता-पिता को पुष्प अर्पित कर गले में माला डालकर चरण पूजा गया। माता पिता की आरती की गई।वही आज 14 फरवरी को लेकर पुलवामा में हुए हमले से हमारे भारत के कई जवान शहीद हुए थे उन्हें 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी अर्पित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आचार्य कहा कि माता पिता सर्वदा पूजनीय होते हैं।उन तमाम बच्चों के बारे में जो अपने माता-पिता को छोड़कर किसी वृद्ध आश्रम में डाल चुके हैं। खुद कुंभ नहाने जाते हैं उनकी बातें ऐसी हैं जो सुनकर रोंगटे खड़ी कर देंगी।वही मौके पर शिक्षिका प्रिया कुमारी, नीतू कुमारी, संजना कुमारी ,सुनीता कुमारी, निशा कुमारी, ज्योति कुमारी, अनिल आचार्य , प्रधानाचार्य विजय झा ,संजय आचार्य तथा बच्चों में आराध्या, सृष्टि ,शिवानी, चंदा ,खुशी ,सौरभ, शिवम ,विशाल, पांडे के साथ साथ सभी भैया बहनों के अभिभावक उपस्थित हुए।

# बिहपुर में उर्स मेला को लेकर एसडीओ एवं डीएसपी ने किया निरीक्षण , कमेटी के सचिव अबुल हसन ने दिया सारी जानकारी



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** 15 फरवरी से यानी शनिवार को बिहपुर प्रखंड के मिल्की गांव स्थित सूफी संत हजरत दांता मांगह शाह रहमतुल्लाह अलेह का सालाना उर्स पाक शुरू हो जाएगा। जिसको लेकर शुक्रवार को मजार परिषद का नवगछिया एसडीओ ऋतुराज प्रताप सिंह, एसडीपीओ ओमप्रकाश कुमार, ने निरीक्षण किया ।उर्स इंतजामिया कमेटी के सचिव अबुल हसन ने पदाधिकारी को कमेटी द्वारा किए गए व्यवस्था एवं अन्य कार्य को दिखाया। पदाधिकारी द्वारा कंट्रोल रूम एवं मजार परिषद का चारों ओर घूम कर निरीक्षण किया।

मौके पर बिहपुर अंचला अधिकारी लवकुश कुमार, वीडियो सत्यनारायण पंडित, थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर , उर्स इंतेजामीया कमेटी के सदर मोहम्मद इरफान आलम, संयुक्त सदर अली कौनौन खान फरीदी, उपाध्यक्ष अरशद राही, सचिव अबुल हसन, कोषाध्यक्ष जैनुल अंसारी, मोहम्मद सोहराब, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद सरफराज उर्फ छोटू वन्य कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। वही उर्स को सुचारू रूप से सफल बनाने के लिए निगरानी कमेटी के अध्यक्ष रबुल हसन , जिला परिषद सदस्य सह उपाध्यक्ष मोईन राईन, उप प्रमुख मोहम्मद एनामुल, मुखिया मोहम्मद सलाउद्दीन, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रोहित आनंद शुक्ला, पंचायत समिति प्रतिनिधि गुफरान रजा, व अन्य सदस्यों का काफी सहयोग देखा जा रहा है। वहीं पुलिस प्रशासन की व्यवस्था राहुल कुमार ठाकुर के नेतृत्व मैं की जा रही है।

कमेटी द्वारा जायरीनों के आने जाने वाले मुख्य सड़क पर लाइटिंग , पानी एवं अन्य आवश्यक के अनुसार व्यवस्था की गई है। सदर मोहम्मद इरफान आलम एवं सचिव अबुल हसन ने बताया कि मेले की निगरानी सीसीटीवी कैमरा से किया जाएगा साथ ही साथ कमेटी द्वारा रजाकारों को भी बहाल किया जाएगा ।जिससे कि आने वाले लाखों की संख्या में जायरीन को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। बताते चलें कि इस मजार में आने वाले लाखों की संख्या की मुरादें पूरी होती है। अपने मंतो को उतारने के लिए मजार पर अपने अपने हिसाब से नियाज़ फातिहा कराते हैं।

## अज्ञात ट्रेनों के चपेट में आने से 54 वर्षीय अनिल कुमारकी घटनास्थल पर हुई मौत, जख्मी पुत्री की इलाज के दौरान दम तोड़ी



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** गुरुवार की रात करीब दस बजे महाकुंभ में पुण्य स्नान कर लौट रहे एक पिता और बेटी की घर पहुंचने से पहले ही अज्ञात ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई।हादसा कटिहार-बरौनी रेलखंड के बिहपुर स्टेशन पर हुआ, जहां झंडापुर निवासी अनिल कुमार साह (45) और उनकी 14 वर्षीय बेटी खुशी कुमारी ट्रेन की चपेट में आ गए।इस हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को शोक में डुबो दिया है।अनिल कुमार साह और उनकी बेटी खुशी प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के लिए 10 फरवरी को गए थे।

चार दिन बाद, 13 फरवरी की रात वे इंटरसिटी एक्सप्रेस से घर लौट रहे थे।बिहपुर स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद, रेलवे लाइन पार करते समय अचानक एक अज्ञात ट्रेन आ गई और दोनों को अपनी चपेट में ले लिया।अनिल कुमार साह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल खुशी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया परिवार में ।इस हादसे की खबर मिलते ही झंडापुर गांव में कोहराम मच गया। अनिल कुमार साह की पत्नी जूही देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

वह बार-बार बेहोश हो रही हैं ।और परिजनों को संभालना मुश्किल हो रहा है।मृतक के भाई अमित कुमार साह ने बताया कि अनिल अपने जीवन में पहली बार महाकुंभ में स्नान करने गए थे। उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि यह यात्रा उनकी अंतिम यात्रा बन जाएगी। रेल थानाध्यक्ष सुदामा पासवान ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया हैं ।

## वैनी थाने कि पुलिस ने दो एनबीडब्लू वारंटी को भेजा जेल



लोकतंत्र की आबाज

**पूसा/समस्तीपुर।** एनबीडब्लू वारंटी बबलू दास पिता रामसागर दास गांव-गंगापुर, अरुण दास पिता -रामेश्वर दास गांव-ठहरा गोपालपुर दोनों थाना- वैनी जिला- समस्तीपुर को गिरफ्तार कर उचितमार्गरक्षण मे उपस्थापना वास्ते समस्तीपुर सदर भेजा गया। पुष्टि थाना अध्यक्ष आनंद गौरव शंकर ने की है।

## जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दुर्गाटोला का निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, साहिबगंज द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बोरियो प्रखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, दुर्गाटोला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रसव कक्ष की स्थिति की समीक्षा की गई एवं संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को 18 जनवरी से छूटे हुए बच्चों के टीकाकरण को शिविर मोड में तत्काल प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया।



निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर से संबंधित ब्रांडिंग नहीं की गई थी। इस पर प्रभारी को शीघ्र ब्रांडिंग पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों (सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सहिया इत्यादि) के नाम व संपर्क नंबर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के लिए कहा गया, जिससे आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा हो। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध दवाओं की सूची को नियमित रूप से अपडेट करने एवं इसे डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, निकटतम रेफरल अस्पताल का नाम एवं ममता वाहन (102) तथा एंबुलेंस (108) सेवा के संपर्क नंबर भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से, सीएचओ को स्टेथोस्कोप क्रय करने तथा गर्भवती महिलाओं के एंटी-नेटल चेकअप एवं अन्य आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरियो, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों/आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्थित फायर एक्सटिंग्विशर की जांच कर उन्हें एक सप्ताह के भीतर रिफिल कराने हेतु प्रभारी को निर्देशित किया गया। अंत में, सीएचओ को उचित ड्रेस कोड में रहने, आवश्यकतानुसार दवाइयों की समय पर मांग (इंडेंट) करने एवं पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के

## शब ए बारात की रात इबादत को उठे हाथ, कब्रिस्तानों में जगमगाई रोशनी, पढ़ी गई फातिहा ख्वानी

लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर।** इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीने की 15 वीं रात को शब ए बारात का पर्व पूरी श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। जिले के अलग अलग मस्जिदों में विशेष इबादत का माहौल रहा, जहां कुरआन ख्वानी, मिलाद और तकरीरें हुई। श्रद्धालुओं ने पूरी रात इबादत कर अल्लाह से रहमत और बरकत की दुआएं मांगी। मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने दिवंगत परिजनों की याद में कब्रिस्तानों का रुख किया। वहां बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़ी और उनकी आत्मा की शांति के लिए दुआएं कीं।



कब्रिस्तानों के इर्द गिर्द मोमबत्तियां और अगरबत्तियां जलाई गई, जिससे पूरा कब्रिस्तान जगमगा उठा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पवित्र रात को पूर्वजों की आत्माएं अपने घरों की ओर आती है। विशेष व्यंजन बनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम परिवारों में विशेष व्यंजन जैसे हलवा, जर्दा, सेवइयां और अन्य मिठाइयां बनाई गई, जिन्हें फातिहा पढ़कर गरीबों, पड़ोसियों और रिश्तेदारों में बांटा गया। इस्लाम में शब ए बारात को फजीलत और इबादत की रात माना जाता है, जब लोग अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और देश में शांति, भाईचारे और समृद्धि की दुआ करते हैं। मान्यता है कि इस रात सच्चे दिल से की गई इबादत और तौबा से गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। जिन कब्रिस्तानों में फातिहा ख्वानी की गई उनमें हसनपुर के विभिन्न कब्रिस्तानों के अलावा बेगमपुर कब्रिस्तान, मथुरापुर कब्रिस्तान, सतमलपुर कब्रिस्तान, गोही कब्रिस्तान, मनियारपुर कब्रिस्तान, रायपुर कब्रिस्तान, भमरुपुर कब्रिस्तान आदि का नाम शामिल है।

## ब्लैक डे पर क्रांतिकारी युवाओं ने किया पुलवामा शहीदों को नमन

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** पुलवामा हमले में शहीद हुये जवानों की याद में छठी बरसी पर श्री सद्गुरु साईंनाथ सेवा समिति के तत्वाधान में सहोड़ा में शहीद स्मारक सुमन यादव व शहीद अखिलेश यादव के स्मारक स्थल पर संध्या बेला में एकजुट होकर शहीद स्थल पर कैंडल जलाकर शहीदों के बलिदानों को नमन किया इस दौरान युवाओं ने देश भक्ति भाव गगन भेदी नारों से गुजंयामन रहा वहीं श्री सद्गुरु साईंनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष शुभम यादव ने कहा की जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर के पुलवामा में बीते 14 फरवरी 2019 को हुए आतंकी के इस हमले में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (उफ्द्धा) के 45 जवान शहीद हो गए थे। इसे भारत के इतिहास का काला दिन माना जाता



है। हर साल 14 फरवरी को ब्लैक डे मनाया जाता है। इस घटना को घटे 6 साल बीत गए हैं लेकिन आज भी इसकी कहानी सुनकर लोगों की रूह कांप जाती है राष्ट्रहित कर्तव्य सर्वोपरी है

वहीं सचिव साजन साईं ने कहा की आजकल युवाओं पश्चिमी सभ्यता की खासा लगाव है बढ़ रहा परन्तु हम सबों व वैलेंटाइन डे बनाने के बजाए देश भक्ति के प्रति अपनी सर्वोच्च न्योछावर करने वाले जबांज योद्धा को प्रति श्रद्धा अर्पित करना चाहिए जो युवाओं के लिये प्रेरणादायक है इस दौरान श्री सद्गुरु साईंनाथ सेवा समिति कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव, सचिव साजन साईं ,आदर्श, श्रूति प्रिया, पूर्व उपमुखिया विकास यादव, साजन साईं, गौरव ,पियूष सहित अन्य मौजूद रहें ।

## बिहपुर: तीसरे दिन भी वार्षिक कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन खिलाड़ियों ने दिखाई अपना प्रतिभा

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के तीसरे दिन स्पर्धाओं की शुरुआत 10:30 बजे पूर्वाह्न हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ पूनम वर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया।सभी खेलों का संचालन सहायक प्रोफेसर मिताली मित्रा ने किया। इस अवसर पर क्रीड़ा परिषद के सभी सदस्य रिम्पल कुमारी, चंद्रकांत आर्य तथा सुधीर पाठक के साथ सभी शिक्षक गण डॉ प्रतिमा कुमारी, डॉ रीना चौधरी, कमलेश कुमार,रजनी रंजन, विकास कुमार, मंजरी चौधरी, कुमारी प्रेरणा, कंचन



कुमारी, श्रुति कुमारी तथा सभी शिक्षकेत्तर कर्मी भी उपस्थित थे।
आज के परिणाम इस प्रकार हैं -
**स्पून मार्बल रेस( पुरुष वर्ग)**
हरिकिशोर डी एल एड द्वितीय वर्ष ( प्रथम)
आलोक कुमार बी एड द्वितीय वर्ष( द्वितीय)
कृष्णा बी एड प्रथम वर्ष (तृतीय)
महिला वर्ग
ओलिविया डी एल एड प्रथम वर्ष ( प्रथम)
अंजलि कुमारी बी एड द्वितीय वर्ष ( द्वितीय)
माधुरी डी एल एड द्वितीय वर्ष (तृतीय)
सैक रेस पुरुष वर्ग
विशाल कुमार बी एड प्रथम वर्ष (प्रथम)
विकास कुमार डीएलएड प्रथम (द्वितीय)
अमरजीत कुमार डी एल एड द्वितीय वर्ष (तृतीय)
महिला वर्ग
स्वाति कुमारी डी एल एड द्वितीय वर्ष (प्रथम)
लिसा जायसवाल बी एड द्वितीय वर्ष ( द्वितीय)
रिंकी कुमारी डी एल एड प्रथम वर्ष (तृतीय)
टग ऑफ वार महिला वर्ग
टीम सी ( प्रथम)
टीम डी (द्वितीय)
टीम बी ( तृतीय)

## बरहरवा: प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मंडरो प्रखंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**

**बरहरवा।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रति कारीगरों और शिल्पकारों को जागरूक करने के उद्देश्य से मंडरो प्रखंड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व एमएसएमई धनबाद के सहायक निदेशक दीपक कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मंडरो मेघनाथ उरांव, एडउ्ड मैनेजर चंद्रशेखर शर्मा, मुख्यमंत्री लघु कुटीर बोर्ड से जिला उद्यमी समन्वयक देवब्रत कुमार, उरउ मैनेजर आलोक कुमार, कन्हाई कुमार सहित स्थानीय मुखिया एवं हस्तशिल्पकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के विभिन्न लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें कारीगरों और शिल्पकारों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, उपकरण अनुदान, ब्याज सब्सिडी के साथ ऋण सुविधा, डिजिटल लेनदेन प्रोत्साहन और विपणन सहायता जैसी सुविधाओं पर विशेष चर्चा की गई। सहायक निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत कारीगरों और शिल्पकारों को 3 लाख रुपये तक का बिना जमानत ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सकें। इसके साथ ही, प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपये प्रतिदिन का भत्ता और 15,000 रुपये तक का उपकरण अनुदान भी दिया जाएगा।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि यह योजना पारंपरिक कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने और औपचारिक टरटए प्रणाली से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी कारीगरों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में आए लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और इसे अपने व्यवसाय को सशक्त बनाने में सहायक बताया। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य योजना की जानकारी को जमीनी स्तर तक पहुंचाना था, जिससे अधिक से अधिक कारीगर और शिल्पकार इसका लाभ उठा सकें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पूर्वी चम्पारण : केसरिया में वीर शहीद जवानों को याद कर किया गया पुष्पांजलि अर्पित



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** पुलवामा में हुए आतंकी घटना में शहीद हुए वीर जवानों को याद कर कैंडल जलाकर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नवयुवक समाजसेवी भगवाधारी नितेश ने कहा कि 14 फरवरी के दिन ही है पुलवामा में आतंकियों ने हमारे वीर जवानों को धोखे से बम धमाके कर मार डाला था। इस दिन अपने देश के वीर सपूतों को याद कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करना चाहिए। साथ उन्होंने यह भी कहा कि 14 फरवरी के दिन हम सभी के लिए काला दिन था। इस दिन तों कपल्स को कतई वेलेंटाइन डे नहीं मनाना चाहिए। इस मौके पर पूर्व शिक्षिका रूपम मिश्रा, सुनील मिश्रा, अमरेंद्र कुमार दीपक, भगवाधारी नितेश, पुरुषोत्तम जयसवाल, विपिन पासवान, रिशु गुप्ता,सुदामा पासवान, शिवम् कुमार,प्रतीक भारद्वाज,सुधांशु गुप्ता, सचिन कुमार,आशिक कुमार समेत कई अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### सिंहवाड़ा के नए थाना अध्यक्ष ने संभाली कमान



**दीपक कुमार**
सिंहवाड़ा के नए थाना अध्यक्ष के रूप में रंजीत कुमार चौधरी ने शुक्रवार को सिंहवाड़ा थाना की पदभार ग्रहण कर लिया ।मौके पर उपस्थित पुलिस कर्मियों और समाजसेवियों ने नए थाना अध्यक्ष को सम्मानित किया। मौके पर नव पदस्थापित थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना उनकी पहली प्राथमिकता है आम लोगो को थाना पर कोई परेशानी नहीं हो इसका पूरा ख्याल रखा जाएगा पुलिस और पब्लिक के बीच अच्छा माहौल बनाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा ।वही उन्होंने कहा की शराब कारोबारियों भू माफियाओं आपराधिक तत्वों के लोगो को चिन्हित कर कड़ी कारवाई की जाएगी। किसी भी सूरत में शांति व्यवस्था भंग करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। शराब कारोबारियों के ख़िलाफ़ लगातार अभियान चलाया जाएगा मौके पर एएसआई कमलेश कुमार मिश्रा, सतीश यादव , सुरेंद्र कुमार सिंह , नवलेश कुमार, अपर थाना अध्यक्ष लक्ष्मी गुप्ता, अजय कुमार पाल मौजूद थे।

### श्रेयस जैसवाल व रूबीना ने ऐशियन सवात् चैंपियनशिप - 2025 में सिल्वर मेडल जीतकर भारत को किया गौरवान्वित



**क्षितिज राज**
**पश्चिमी चंपारण।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में चल रहे छट्ठे ऐशियन सवात् (फ्रेंचबॉक्सिग) चैंपियनशिप –2025 मे रुबिना कुमारी व श्रेयस जैसवाल ने सिल्वर मेडल जीत कर अपने देश व जिले का नाम रौशन किया। साथ ही करूणा कुमारी भी भारत का प्रतिनिधित्व किया थि लेकिन मेडल से चूक गई। इनके प्रदर्शन से पूरे बिहार के सवात् खिलाड़ी व खेल प्रेमियों में खुशी का महौल बना हुआ है । इनके साथ ही भारतीय टीम के मुख्य कोच शिहान ई० राहुल श्रीवास्तव को भी फेडरेशन इंटरनेशनल डे सवात् के वर्ल्ड प्रेसिडेंट डॉ जूलिया गैबरील के द्वारा 2022 ऐशियन चैंपियनशिप, बंगलादेश, साउथ ऐशियन सवात् चैंपियनशिप – 2024, ऐशियन सवात् चैंपियनशिप –2024 इंडोनेशिया व ऐशियन सवात् चैंपियनशिप – 2025 में खिलाड़ियों का प्रदर्शन व मेडल टैली को देखते हुए बेस्ट कोच अवार्ड ऑफ ऐशिया से नवाजा गया। साथ ही इनके कोच सेंशाई आशिफ अनवर भी ऐशियन सवात् कॉनफेडरेशन के प्रेसिडेंट डॉ हमीद राजा( (ईरान) के द्वारा ऑफिसियल प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी खिलाड़ियों के नरकटियागंज जंक्शन पर पहुचने पर फूल माला, बुके व मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के लिए उपस्थित रहे चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष, जिला सवात् संघ अध्यक्ष संदीप राय एवं जिला सावत संघ के खिलाडी साक्षी, पायल, दीक्षा, दृष्टि, अंशिका, अलीशा, यश, एहान, रेहान, अबुल फैज़, अब्दुल हमीद, मो रज़ा एव पुरे रास वर्ल्ड नरकटियागंज सेंडाई आशिफ अनवर मैनेजर, टीम इंडिया।

## मोतिहारी: एसपी स्वर्ण प्रभात द्वारा शब-ए-बारात पर्व को लेकर शांतिपूर्वक एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु नगर थाना क्षेत्र में भ्रमण किया

लोकतंत्र की आवाज

मोतिहारी में धूमधाम से मनाया गया शब-ए-बारात



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** मोतिहारी में शब-ए-बरात का त्यौहार गुरुवार की रात को धूमधाम से मनाया गया। तमाम मस्जिद और कब्रिस्तानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मस्जिद और कब्रिस्तान में अपने पूर्वजों की कब्रो पर गुनाहों की माफी मगफिरत की दुआ मांगने के लिए भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय की भीड़ जुटी रही। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सभी कब्रिस्तानों के कब्रों पर अगरबत्ती और मोंमबतिया जलाया।आपको बता दे की शब-ए-बरात की रात को इबादत की रात भी कहा जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए यह प्रमुख त्यौहार माना जाता है। इस त्यौहार के अवसर पर गांव मुहल्ले के चौक चौराहे से लेकर घर, मस्जिद एवं कब्रिस्तान में विशेष रूप से साफ सफाई के साथ रोशनी की व्यवस्था की गई थी। इस्लामिक कलेंडर के मुताबिक रमजान से पहले शबान महीने के 14वी एवं 15वी तारीख को यह त्यौहार मनाया जाता है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार शबे बरात की रात इबादत करने वालों की सारी गुनाह माफ हो जाती है। तथा इस रात सच्चे मन से लेख मांगी गई सभी जायज मुराद भी पूरी होती है। शबे बरात के मौके पर मुस्लिम भाई दो दिन का रोजा रखने के साथ पूरी रात अल्लाह के इबादत में गुजारते हैं। तथा कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजों रिश्तेदारों के कब्र पर फातेहा पढ़कर उनके गुनाहों को माफ करने की दुआ मांगते हैं।मस्जिद के साथ साथ घरों में भी कुरान की तिलावत पूरी रात की गई। वहीं तमाम मुस्लिम इलाकों में घरों में रात भर छोटे बड़े बुजुर्ग कुरान शरीफ एवं नमाज पढ़ते देखें गए और महिलाएं कुरान शरीफ की तिलावत करती रही।वही इस अवसर पर सिब्बी फातमा,नाजिया प्रवीण,आयशा प्रवीण,सिम्मी फातमा,सिमरन फातमा, सना फातमा,रेहान अली, मो.इमरान,मो.परवेज अब्दुला कादिर,मंजूर आलम, अब्दुल रऊफ, सोनू शादाब आलम ने बताया कि हम लोग शब ए बरात की पूरी रात कुरान की तिलावत करते है । इस अवसर पर चने का हलवा और विशेष तरह के व्यंजन भी पकाए जाते है। सुरक्षा के मद्दे नजर देखते हुए मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात द्वारा शब-ए-बारात पर्व को शांतिपूर्वक एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने हेतु भ्रमण कर सदर कब्रिस्तान का जायजा लिया।



## समय सीमा के अंदर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराएं पूर्ण : जिलाधिकारी



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
जनता तक सरकार की योजनाएं पहुंचाने में होगी आसानी। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का किया औचक निरीक्षण। मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने ठकराहा प्रखंड अंतर्गत जागीरहां पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का औचक निरीक्षण किया और स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, बगहा के अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत सरकार भवन बनाने का मकसद है कि पंचायत स्तरीय सभी जनप्रतिनिधि और कर्मियों का कार्यालय एक छत के नीचे हो ताकि जनता को सारी सुविधाएं एक जगह से ही मिले। इससे प्रखंड कार्यालय पर दबाव कम होगा और जनता को स्थानीय स्तर पर ही सरकार की योजनाएं का लाभ आसानी से प्राप्त होगा। पंचायत सरकार बन जाने के उपरांत स्थानीय लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्हें कई सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों के लिए प्रखंड मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। जिलाधिकारी ने एलएईओ के अभियंताओं को निर्देश दिया कि समय सीमा के अंदर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्य मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराएं। निर्माण कार्य में गड़बड़ी होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। एलएईओ के अभियंता द्वारा बताया गया कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य लगभग 53 प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है। अप्रैल 25 तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने हेतु मानक के अनुरूप कार्य कराया जा रहा है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, कुमार रविन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, गौरव कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, सुजीत कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुश्री शाम्भवी श्रीवास्तव, अंचल अधिकारी, सुमित कुमार राज, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, अविनाश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं अभियंता।

## जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आर्मी मेला का होगा आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** आगामी 7 और 8 मार्च 2025 को मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आर्मी और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आर्मी मेला का बृहद आयोजन किया जा रहा है। इस मेला का उद्देश्य है-अपनी आर्मी को करीब से जाने। इस मेले में आर्मी इक्विपमेंट जैसे टैंक, बड़े गन आदि की प्रदर्शनी लगाई जाएगी एवं एडवेंचरस डिस्प्ले किया जाएगा। आर्मी मेले के साथ-साथ युवा वर्ग को आकर्षित करने के लिए आर्मी का जॉब फेयर भी लगेगा। इस जॉब फेयर में एक आर्मी की दिनचर्या क्या होती है। इसे बताया जाएगा साथ ही आर्मी से सेवानिवृत्ति के पश्चात भी सेवा के क्षेत्र में क्या-क्या संभावनाएं (ऑपर्च्युनिटी) है। इसकी जानकारी दी जाएगी जो आर्मी के रिटायर्ड लोगों के लिए लाभकारी होगी। आज भारतीय सेना के शीर्ष अधिकारी ब्रिगेडियर एवं कर्नल के द्वारा जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के साथ स्थल निरीक्षण कर मेले में आने वाले इक्विपमेंट एवं आर्मी की ठहराव के संबंध में विमर्श किया गया।

## मोतिहारी: बिते सरस्वती पूजा में किताब की जगह पिस्टल लहराने वाले सात युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**मोतिहारी।** सरस्वती पूजा में किताब की जगह पिस्टल लहराने वाले सात युवक अब कानून की गिरफ्त में है। जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के पानापुर रंजीता पंचायत के योगिया गांव में हरसिद्धि पुलिस ने छापेमारी कर दो हथियार के साथ सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि हथियार के साथ एक युवक की तस्वीर वायरल हुई थी. जिस पर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा संज्ञान लिया गया. मामले के सत्यापन के लिए एक टीम का गठन किया गया था. टीम के पदाधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वायरल तस्वीर की निशानदेही पर एक देशी पिस्टल, एक देसी कट्टा 315 बोर का, एक गोली 765 बोर की एक गोली, चार मोबाइल को बरामद किया गया। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अरेराज डीएसपी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार सभी युवक सहनी गैंग से जुड़े हुए हैं। गिरफ्तार युवकों में जयप्रकाश सहनी योगिया निवासी के पुत्र राजा कुमार, शंकर सहनी पानापुर मलाही टोला निवासी के पुत्र अमर कुमार, विनोद सहनी योगिया निवासी के पुत्र मंदीप कुमार और बिक्की कुमार, नरेश सहनी पानापुर मलाही टोला निवासी के पुत्र गोलू कुमार, कन्हैया सहनी पानापुर तधवा टोली निवासी के पुत्र कुंदन कुमार तथा महाराज सहनी योगिया निवासी के पुत्र बिक्की कुमार हैं. उन्होंने बताया कि सभी गिरफ्तार युवक का हथियार के साथ फोटो मोबाइल में मिला है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सातों अभियुक्त का आपराधिक इतिहास नहीं है. गिरफ्तार सभी अभियुक्तों की निशानदेही पर छापेमारी चल रही है. आवश्यक पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

## मोतिहारी: नेपाली तस्कर पुलिस हिरासत से भाग निकला..? एसएसबी ने गिरफ्तार कर झरोखर थाने की पुलिस को सौंपा था

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**मोतीहारी।** एक तरफ जहाँ पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात अपराधियों एवं शराब माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की सख्त नीति अपनाएं हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ पूर्वी चंपारण जिले के झरोखर थाने के पुलिस की कार्यशैली पर एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। एसएसबी ने जिस तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस को सौप था, वह भाग गया। पुलिस उसे अपने कस्टडी में भी नहीं रख सकी।भारत नेपाल सीमा के झरोखर बॉर्डर से सशस्त्र सीमा पुलिस के बल के जवानों ने गुरुवार को नेपाल के गांजा तस्कर को पकड़ा था। टाटा सफारी गाड़ी से 43 किलोग्राम प्रतिबंधित गांजा मिला था। इसके बाद एसएसबी ने उक्त नेपाली तस्कर को गिरफ्तार कर पूर्वी चंपारण के झरोखर थाने की पुलिस को सौंप दिया। लेकिन रात में वह तस्कर पुलिस हिरासत से भाग गया। पुलिस हिरासत से भागने पर कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। चर्चा है कि उक्त नेपाली तस्कर से मोटी रकम लेकर भगाया गया है। एसपी ने गांजा तस्कर के पुलिस हिरासत से भागने की पुष्टि की है। पूर्वी चंपारण एसपी ने बताया कि ढाका के एसडीपीओ थाना पर पहुंचे हुए हैं और जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पैसे लेकर तस्कर को भगाने की सूचना तो नहीं है लेकिन इसकी भी जांच की जाएगी। इस मामले में चौकीदार को निलंबित कर दिया गया है। वह बिना हथकड़ी के ही तस्कर को शौच कराने ले गया था। तस्कर की गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया है। वहीं, दूसरी तरफ मोतिहारी जिले के अरेराज थाना से हथकड़ी सरकार एक शराब तस्कर भाग निकला। 60 लीटर देशी शराब के साथ पुलिस ने उसे गुरुवार को पकड़ा था । मेडिकल कराकर थाना जाने के दौरान शराब तस्कर फरार हो गया। तस्कर के पुलिस हिरासत से फरार होने के बाद हड़कंप मच गया है।गिरफ्तार तस्कर संग्रामपुर थाना क्षेत्र के कोईरगांवा का बताया जा रहा है।

## बाइक की ठोकर से 6 जख्मी पांच हुए रेफर

लोकतंत्र की आवाज

- सहोदरा थाना के 112 पर ड्यूटी कर रहे पुलिस पदाधिकारी और सहयोगियों ने घायलों को तुरंत पहुंचाए अस्पताल, लोगों ने की प्रशंसा



**गौनाहा ।** प्रखण्ड अंतगर्त्त दिनाँक 13 फरवरी 2025 वृहस्पतिवार को जमुनिया नरकटियागंज मुख्य सड़क में धनौजी बलुआ टावर के समीप बाइक की ठोकर से 6 युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। जिसमें पांच को बेतियां जीएमसीएफ रेफर किया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बलुआ गांव निवासी रंगेश कुमार 13, विशाल कुमार 20, पप्पू कुमार 15 तथा सुनील कुमार 18 मजदूरी कर अपने घर जा रहे थे। इसी बीच मोड बेलवा गांव निवासी गोलू तिवारी 25, रवि रंजन तिवारी 24 तथा रितु कुमार 30 एक बाइक पर सवार होकर भिखनाठोरी से अपने घर जा रहे थे। बाइक की गति काफी तेज होने के कारण उक्त सभी चारों युवकों को पीछे से ठोकर मार दी। जिससे उक्त सभी युवक सहित बाइक सवार गोलू तिवारी तथा रवि रंजन तिवारी घायल हो गए। सभी 6 घायलों को सहोदरा थाना के 112 पुलिस की गाड़ी गौनाहा रेफरल अस्पताल पहुंचाई। रवि रंजन तिवारी को हल्का चोट लगने के कारण प्राथमिक उपचार कर गौनाहा रेफरल अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशि कुमार ने बताया कि गंभीर रूप से जख्मी पांचो को बेतिया जीएमसी रेफर कर दिया गया है। घटना गुरुवार को देर शाम की बताई जा रही है। जिसमे एक कि स्थिति काफी नाजुक बताई जा रही है।

## ग्राम नियोजन केंद्र द्वारा मनाया गया राष्ट्रीय महिला दिवस

**नरकटियागंज।** प्रखंड अन्तर्गत विशुनपुरवा में सामाजिक संस्था ग्राम नियोजन केंद्र द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । कार्यक्रम के दौरान परियोजना समन्वयक अरुणेंद्र कुमार सिंह ने महिलाओं को उनके अधिकार एवं सरकार द्वारा चलाई जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक किया। वही इस कार्यक्रम में लगभग 50 महिलाओं ने प्रतिभाग़ किया। इस दौरान महिलाओं को बताया गया कि कैसे अपने कौशल पहचान कर एस. एच. जी. के माध्यम से उसको आगे बढ़ाया जा सकता हैं। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जाने वाली कार्यक्रम को भी विस्तार रुप से जानकारी दिया गया।समूह की महिलाएं कुसुम देवी, माया देवी, चिंता देवी, लालपरी देवी आदि ने भी अपने-अपने सुझाव को रखा कार्यक्रम में सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा, शशिकांत पाठक, बहादुर माझी, प्रियंका जायसवाल, ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

## सुप्रसिद्ध फिल्म निर्देशक सुजीत कुमार सिंह के बाद फिल्म चम्पारण सत्याग्रह से प्रभावित सुप्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्म निर्देशक मेंहदी कमाल ने युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट से मिलाया हाथ, बने एसोसिएट निर्देशक

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**मोतिहारी।** युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट की फिल्म जय पशुपतिनाथ के लेखक निर्माता निर्देशक डा. राजेश अस्थाना ने बताया कि बॉलीवुड निर्देशक मेंहदी कमाल एवं सुजीत कुमार सिंह के हमारे प्रोडक्शन से जुड़ने से हमलोग तकनीकी रूप से काफी मजबूत हुए हैं। दोनों निर्देशक फ़ल्मि चम्पारण सत्याग्रह का मेकिंग देखकर खुद ही हमारे साथ काम करने की इच्छा जाहिर किए। डा. अस्थाना ने बताया कि दोनों निर्देशक भोजपुरी एवं बॉलीवुड के सभी सुप्रसिद्ध अभिनेताओं को निर्देशित किया है। आमिर खान,अक्षय कुमार, नसीरुद्दीन शाह,अविनाश वाधवान,रोनित राय, सुनील शेट्टी,अक्षय खन्ना विवेक ओबेरॉय सरीखे दर्जनों अभिनेताओं को निर्देशित करने वाले बॉलीवुड फिल्मों के सुप्रसिद्ध निर्देशक मेंहदी कमाल एसोशिएट निर्देशक के रूप में युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट के साथ जुड़े हैं और शिव महापुराण कथा पर आधारित फिल्म जय पशुपतिनाथ में काम करेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए फिल्म जय पशुपतिनाथ के लेखक निर्माता निर्देशक डा. राजेश अस्थाना ने बताया कि दोनों निर्देशक मेंहदी कमाल एवं सुजीत कुमार सिंह के हमारे प्रोडक्शन से जुड़ने से हमलोग तकनीकी रूप से मजबूत काफी हुए हैं। वे लोग फ़ल्मि चम्पारण सत्याग्रह का मेकिंग देखकर खुद ही हमारे साथ काम करने की इच्छा जाहिर किए। डा. अस्थाना ने बताया कि सुजीत कुमार सिंह ने भी भोजपुरी में सभी सुप्रसिद्ध अभिनेता केवल हिट फिल्में देकर इतिहास रचा है। सुप्रसिद्ध बॉलीवुड निर्देशक मेंहदी कमाल ने बताया कि डा. अस्थाना से मुम्बई में तीस वर्षों से दोस्ती है और अब जाकर साथ काम करने का संयोग बना है। उनके साथ काम करने का अलग ही अनुभव रहेगा। हमलोग अन्य दो फिल्में भी साथ साथ कर रहे हैं। वहीं भोजपुरी में सभी सुप्रसिद्ध अभिनेता पवन सिंह, दिनेश लाल यादव निरहुआ, खेसारी लाल और प्रदीप पांडेय चिंटू के साथ केवल हिट फिल्में देकर इतिहास रचनेवाले सुप्रसिद्ध फिल्म निर्देशक सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि मेरे द्वारा फ़ल्मि चम्पारण सत्याग्रह का सेंसर कराए जाने के क्रम में जाना कि युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा केवल मुद्दों पर आधारित फ़ल्मिों का निर्माण किया जाता रहा है। इसी से प्रभावित होकर मैने इनके साथ काम करने का फैसला किया है। इस अवसर पर फ़ल्मि के सुप्रसिद्ध पीआरओ समरजीत सिंह भी मौजूद थे। गौरतलब है कि फ़ल्मि चम्पारण सत्याग्रह के सेंसर में जाने के बाद युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा अगली फिल्म जय पशुपतिनाथ की घोषणा की गई है। फिल्म का एक्जिक्यूटिव निर्माता ई. युवराज,सीमा रानी,अस्मिता राज, सुरभी श्रीवास्तव संगीत स्नेहाशीष शिबू देब, डीओपी अशोक माही हैं। कलाकारों के नामों एवं शूटिंग की तिथि की घोषणा शीघ्र की जाएगी। फिल्म की संपूर्ण शूटिंग मोतिहारी एवं मुम्बई में की जाएगी।



## पर्यवेक्षण गृह कासंयुक्त निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ शशिकांत**
**पूर्वी चम्पारण।** विधि विवादित किशोरों के आवासन स्थल पर्यवेक्षण गृह मोतिहारी का संयुक्त निरीक्षण माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान विधि विवादित किशोरों हेतु उपलब्ध करायी जाने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया गया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान गृह में उपलब्ध कराये जाने वाले भोजन के गुणवता इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा शाम का नाश्ता चख कर गुणवत्ता की जांच की गई ।साथ ही सर्दियों के मौसम को देखते गृह के साफ- सफाई, कंबल, ऊनी वस्त्र इत्यादि पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद को निदेश दिया गया कि मामलों को अविलंव निष्पादन करना सुनिश्चित किया जाए। उक्त के साथ ही संयुक्त रूप से आवासित किशोरों को जीवन में पूर्व की गलतियों को भूलाकर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया । निरीक्षण के दौरान गृह में कुल 60 किशोर आवासित थे। इस मौके पर सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, प्रधान दंडाधिकारी, किशोर न्याय परिषद एवं अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोमबत्ती जलाकर पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**जगदीशपुर/भोजपुर ।** नगर के वीर कुंवर सिंह किला मैदान के संग्रहालय पर मोमबत्ती जलाकर पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि। राष्ट्रीय युवा छात्रशक्ति संघ संगठन टीम के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसका अध्यक्ष संगठन अध्यक्ष रितिक रौशन सिंह और संगठन के सभी सदस्य शामिल होकर देश के वीर अमर शहीदों को याद किया। संगठन अध्यक्ष ने कहा कि उनके इस बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिये हमारी संगठन हमेशा यूवाओ के साथ देश के झंडा ,संविधान और देश के अमर शहीदों को याद हमेशा करते है पहली प्राथमिकता हमारे देश की युवा , जवान, किसान, महिला और किसानों का होता है हम हमेशा देश के युवाओं को देशभक्ति का संदेश देने का काम करता रहूंगा। हमारी संगठन इस मौके मौजूद रहे सागर पाठक, नितिल कुमार, परवेज अंसारी , रतीश कुमार ,विकाश कुमार, मंतोष मिश्रा, अम्बर सिंह ,साहिल खान, हिमेश भारती सहित कई युवा मौजूद थे।

### इंटर की छात्रा को भगा ले जाने की कराई प्राथमिकी

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावा।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के उकौड़ा गांव निवासी रामशरण पासवान की पत्नी बिंदु देवी ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री को भगा ले जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। गांव के ही कृष्ण सिंह के पुत्र रोहित कुमार पर भाग ले जाने का आरोप है। इस बाबत पकरीबरावां थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई। दिए आवेदन में उन्होंने लिखा कि उसकी पुत्री अभ्यास मध्य विद्यालय नवादा में इंटर की परीक्षा दे रही थी। बीते 8 फरवरी को परीक्षा के बाद वह घर नहीं लौटी। काफी देर तक नहीं मिलने पर परीक्षा केंद्र के पास पता किया, तो जानकारी मिला कि गांव के ही स्व. कृष्ण सिंह का पुत्र रोहित कुमार उसे बहला फुसलाकर शादी का झांसा देते हुए भगा ले गया है। उसके दोस्त रौशन से भी इस बारे में पूछा। रोहित के घर पर जाकर बोली तो उसके भाई एवं मां ने बुरा भला कहा और जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए कहा कि दुबारा मेरे घर आएगी तो इसका बुरा परिणाम होगा। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है।

### हरनाटांड़ मुख्य मार्ग में दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में बाइक चालक एक 60 वर्षीय व्यक्ति की हुई मौत



खबर पश्चिम चंपारण जिले के बगहा से जहां लौकरिया थाना क्षेत्र के हरनाटांड़ मुख्य मार्ग में दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत में बाइक चालक एक 60 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया है। तो वहीं दूसरे बाइक चालक उत्तर प्रदेश के सोहगीबरवा निवासी मुन्ना राय को हिरासत में ले लिया है। मृतक की पहचान मझौवा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। जो बगहा 2 बीआरसी से अभी करीब पांच माह पहले पिउन के पद से सेवा मुक्त हुए थे। परिजनों के अनुसार गुरुवार की देर शाम धर्मेंद्र प्रसाद मिश्रौली से बाजार कर घर जा रहे थे। इसी बीच उक्त गिरफ्तार बाइक चालक ने सामने से गलत साइड से जाते हुए टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस द्वारा धर्मेंद्र को इलाज के लिए हरनाटांड़ पीएचसी ले जाया गया। लेकिन स्थिति चिंताजनक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया। परन्तु रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर बाइक चालक की पहचान करते हुए अग्रेतर कार्रवाई में पुलिस जुटी हुई है।

### पंचायत में हो रहे विभिन्न विकास कार्यो का मुखिया सूरज सिंह ने किया निरीक्षण

**बगहा ।** शुक्रवार को बगहा दो प्रखंड के ग्राम पंचायत राज बैरागी सोनबरसा पंचायत में विभिन्न वार्डों में हो रहे विकास कार्यों को पंचायत के मुखिया सूरज सिंह ने निरीक्षण कर संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सोनबरसा में फेबर ब्लॉक हो या चिउटांहा में पंचायत भवन का निर्माण कार्य हो या कदमहवा में कब्रिस्तान की घेराबंदी हो सभी जगहों पर पहुंच उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने का निर्देश दिया।संवाददाता को उन्होंने बताया कि पंचायत का विकास ही मेरा एकमात्र उद्देश्य है, मैं चाहता हूं कि पंचायत में जो भी कार्य हो बेहतर और गुणवत्तापूर्ण तरीके से हो। वहीं उन्होंने कहा कि जहां पर जो भी समस्याएं हैं बरसात के दिनों में जिन गांवों में पानी लग जाता था उसको निराकरण हेतु बरसात से पूर्व सड़क फेवर ब्लॉक पीसीसी इत्यादि अन्य उपयोगी कार्य कराएं जा रहे हैं, लोगों ने बताया कि जहां कहीं भी पंचायत निधि से मुखिया जी कार्य कराते हैं वहां प्रतिदिन निरीक्षण करते हैं।

# मॉडर्न समूह के विद्यालयों में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन, बच्चों ने माता-पिता के पखारे पांव, की पूजा

लोक तंत्र कीआवाज

**सुनील कुमार**

**नवादा ।** 14 फरवरी को एक तरफ जहां पूरी दुनिया वैलेंटाइन डे मना रही है,वहीं सुदृढ़ शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित बिहार के प्रतिष्ठित संस्थानों में अग्रणी मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के द्वारा संचालित विद्यालयों में से मॉडर्न इंगलिश स्कूल न्यू एरिया, मॉडर्न इंगलिश स्कूल कुंतीनगर, न्यू मॉडर्न इंगलिश स्कूल न्यू एरिया,मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल पुरानी कचहरी,मॉडर्न पब्लिक स्कूल रामनगर ,मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ एवं मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज में मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस कड़ी में मॉडर्न इंगलिश स्कूल कुंती नगर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह, प्राचार्य गोपाल चरण दास,मिथिलेश कुमार विजय एवं बच्चों के माता-पिता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया।कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने अपने माता-पिता का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया। इस दौरान बच्चों और उनके माता-पिता के आंखें भर आई। बच्चों ने अपने माता-पिता के चरण धोए।जिसमें छोटे छोटे बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजा किया ,उन पर पुष्प वर्षा की और फिर तिलक लगाकर उनकी आरती की।वहीं इस दौरान माता-पिता ने अपने बच्चों की लंबी उम्र की कामना की।बच्चे जिस समय अपने माता-पिता से पूजन के दौरान गले लगे सभी का हृदय प्रवित हो गया। पूजन के सामूहिक दृश्य से सभी आनंदित थे। इस









अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में मॉडर्न समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज ने कहा कि आज का दिन माता-पिता के समर्पण का दिन है। माता-पिता प्रत्यक्ष रूप से ईश्वर के रूप में होते हैं। माता और पिता का बच्चों के साथ समय बीतना चाहिए। उनसे बातें करनी चाहिए। संतान को अपने माता-पिता से प्रतिदिन कुछ देर उसके विचारों को साझा करनी चाहिए। माता-पिता का भी बच्चों के प्रति मित्रवत व्यवहार हो। माता-पिता भी अपने संतान पर विश्वास रखें, उनका हौसला बढ़ाए। माता-पिता की सेवा कर हम अपना सिर्फ कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। इसलिए कम से कम अपने कर्तव्य के पालन में हम चूक ना करें। हमें अपनी संस्कृति को नहीं भूलनी चाहिए। इस दौरान विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा माता-पिता को समर्पित गीत, भजन , नृत्य आदि की प्रस्तुति दी गई जिसमें सौम्या, रानी ,अर्जित, समीक्षा ग्रुप ने गणेश वंदना के साथ नृत्य प्रस्तुति कर कार्यक्रम का आगाज किया। नर्सरी एवं यूकेजी के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा मुझे माफ करना ओ साई राम गीत पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की गई। जोया ,खुशी ,कनिका ग्रुप के द्वारा ओ माता-पिता तुझे वंदन गीत की मधुर प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। हंसिनी रितिका ग्रुप ने बाबा मैं तेरी मल्लिका गीत पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का आकर्षण आलिया आस्था ग्रुप के द्वारा वृद्धाआश्रम पर आधारित नाटक की प्रस्तुति रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गोपाल चरण दास ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता के बिना हमारा जीवन अधूरा है हम अपने मां-बाप के कर्ज को कभी नहीं चुका सकते। उन्होंने बच्चों से अपने मां-बाप की सेवा करने का आग्रह किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।कार्यक्रम के संचालन में सभी विद्यालयों के शिक्षकों की महती भूमिका रही।

## बिहार टार्जन राजा यादव से मिले भाजपा युवा नेता संजय निषाद



लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा।** प्रखंड के भाजपा के युवा नेता संजय निषाद ने बिहार टार्जन के नाम से विख्यात राजा यादव से मिले और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किये । भाजपा के युवा नेता संजय निषाद ने पत्रकारों से बताया कि बिहार के टार्जन का स्पेशल बल प्रकृति के द्वारा मिला है, जैसे गाड़ियों को अपने हाथों खींच देना। अपनी असाधारण फुर्ती के कारण टार्जन के समान माने जाते हैं। उन्होंने अपने इलाके में कई लोगों की मदद की और समाज सेवा में योगदान दिया। राजा यादव को उनके बहादुरी भरे कारनामों और प्राकृतिक जीवनशैली के लिए जाना जाता है। वे बिहार के ग्रामीण इलाकों में एक चर्चित व्यक्तित्व हैं और लोगों के बीच सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। उनके जीवन की प्रेरक कहानियाँ लोगों को रोमांचित और प्रेरित करती हैं।

## मुजफ्फरपुर : सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, चार लोग गंभीर रूप से घायल, शादी तय कर लौट रहे थे सभी

लोकतंत्र की आवाज

**दीपक कुमार। मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर जिले में भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना जैतपुर थाना क्षेत्र इलाके के मुजफ्फरपुर-देवरिया मुख्य सड़क मार्ग के जगीरिया चौक के पास की है।घटना को लेकर बताया जा रहा है कि बोलेरो गाड़ी शहर से देवरिया जा रही थी और वैगनआर कार मुजफ्फरपुर शहर की ओर जा रही थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई, जिसके बाद दोनों वाहनों के आगे के हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी और घायल हुए लोगों को वाहन से बाहर निकाला



गया। मामले की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने अपने वाहन से सभी घायलों को इलाज हेतु सरैया पीएचसी में भर्ती कराया है। घटना में आधा दर्जन लोग घायल थे, जिसमें इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। जबकि अन्य घायल हुए हैं। इस दौरान मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। जैतपुर थाना क्षेत्र इलाके में हुई इस भीषण सड़क हादसे में जहां दो अधेड़ लोगों की मौत हो गई है। वहीं, चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिसमें दो की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज में भेजा गया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सभी लोग लड़की को देखकर लौट रहे थे। इसी दौरान हादसा हुआ है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराए जाने के लिए मेडिकल कॉलेज में भेजा। घायलों को इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में जैतपुर थाना के एसएचओ कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि मुजफ्फरपुर-देवरिया मुख्य सड़क मार्ग पर दो वाहनों में आमने-सामने की टक्कर हुई है। इसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए थे, जिसमें इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं, तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना जगीरिया चौक के पास की है। बोलेरो और वैगनआर कार की आमने-सामने की टक्कर में घटना हुई है। सभी लोग लड़की को देखकर लौट रहे थे, इसी दौरान हादसा हुआ है।

## रजौली : पुलवामा हमले में शहीद हुए सेना के 40 जवानों को आर्मी प्रेमियों ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र में बजरंगबली चौक व पुरानी बस स्टैंड के अलावे दर्जनों स्थानों पर पुलवामा हमले में शहीद हुए सेना के 40 जवानों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।वहीं कमांडो फिजिकल अकेडमी के द्वारा भी इंटर विद्यालय के प्रांगण से चन्दन कुमार सिंह,विक्रम सिंह,विकास कुमार एवं दीपक चौधरी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया।इस दौरान चन्दन कुमार सिंह ने बताया कि 14 फरवरी एक ऐसी तारीख है जिसकी याद भर से ही आंखें आज भी नम हो जाती है।उन परिवारों के लोग तो कम-से-कम इस तारीख को मरते दम तक नहीं भूल सकते,जिन्होंने इस दिन अपने घर के बेटों को खो दिया।दरअसल 14 फरवरी



ही वह तारीख है जब 2019 में दोपहर के करीब 3:30 बजे कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के जवानों के समूह से आतंकियों की 350 किलोग्राम विस्फोटक से भरी एक गाड़ी टकराई और एक जोरदार धमाके के साथ मौके पर ही भारतीय सेना के 40 जवान शहीद हो गए थे।जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े 20 साल के आतंकी आदिल अहमद डार ने इस हमले को अंजाम दिया था।जिसकी संयुक्त राष्ट्र समेत पूरे विश्व में निंदा की थी।साथ ही इसे भारत के लिए तीन दशक का सबसे भीषण आतंकी हमला बताया गया था।इस हमले में शहीद हुए देश के उन वीर सपूतों को तो वापस लाना संभव नहीं है मगर कम से कम हम उन्हें याद तो कर ही सकते हैं।इस दिवस को युवा वर्ग आर्मी प्रेमियों के लोग काला दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं।आर्मी प्रेमी अखिलेश कुमार ने बताया कि आर्मी जॉइन करना हमलोगों का बचपन का शौक है।जिसके लिए वे अपने साथियों के साथ बीते कई महीनों से दौड़ की प्रैक्टिस कर रहे हैं।सभी आर्मी प्रेमियों ने कैंडल मार्च कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना किया।साथ ही जल्द ही देश की सेवा में खुद को न्यौछावर करने की बात कही।मौके पर छात्रा ऋतिका रजक,बासमती कुमारी,पुष्पा कुमारी के अलावे दर्जनों छत्रगण मौजूद रहे।

## कार से गांजा के साथ चार लोग गिरफ्तार ,भेजे गए जेल

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से उत्पाद बलों ने गुरुवार की रात एक लग्जरी कार से 984 ग्राम गांजे के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया।साथ ही कार को जब्त किया गया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में सघन जांच की जाती है। वही बीते गुरुवार की रात जांच के क्रम में झारखंड की ओर से आ रही मारुति स्विफ्ट डिजायर संख्या बीआर01जेडी9123 की जांच की गई।जांच के क्रम में लग्जरी कार में रहे एक बैग से 984 ग्राम गांजा बरामद किया गया। साथ ही कार पर सवार चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार लोगों की पहचान रोहतास जिले के दावत थाना क्षेत्र के अवाढ़ी गांव निवासी पवन तिवारी, भोजपुर जिले के धुबहां थाना क्षेत्र



के इजरी पिपरा गांव निवासी अर्जुन कुमार गोंड व धर्मपुरा गांव निवासी प्रफुल्ल कुमार पांडेय एवं नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग गांव निवासी दीपक प्रसाद के रूप में हुआ है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया जब्त गांजा एवं कार के अलावे गिरफ्तार लोगों व वाहन स्वामी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं दूसरी ओर हरिवंश रथ नामक बस संख्या बीआर52पी3232 में सफर कर रहे वैशाली जिले के महनार थाना क्षेत्र के लावापुर नारायणपुर गांव निवासी अखिलेश राय के पास से एक लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद किया गया एवं जीवन ज्योति बस संख्या बीआर06पीई2551 पर सवार रहे उपचालक मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र के सहबाजपुर गांव निवासी चन्दन कुमार के पास से टीचर्स नामक स्कॉच के 750 एमएल वाले दो बोतल व ब्लैक एंड व्हाइट नामक स्कॉच के 750 एमएल वाले एक बोतल एवं दो लीटर चुलाई शराब बरामद किया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं सभी गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच के मौके पर उत्पाद एसआई संगम कुमार विद्यार्थी,एएसआई कैलाश पासवान,एएसआई अंकित कुमार के अलावे गृहरक्षक जवान शामिल थे।

## वारिसलीगंज बाजार को अतिक्रमण एवं जाम से नहीं मिल रही मुक्ति

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में जाम की समस्या से दुकानदारों व आम यात्रियों की परेशानी कमने की जगह बढ़ती जा रही है।नप कार्यालय द्वारा एक माह पहले चलाया गया अतिक्रमण हटाने का कार्य पुनः दूसरे दिन यथावत हो गया है।फलतः नगर का जयप्रकाश चौक,थाना चौक,गुमटी रोड,सब्जी मार्केट में दिन में कई कई बार जाम की समस्या उतपन्न होते रहती है। एंबुलेंस एवं स्कूली बच्चों से भरा वाहन समेत किसी भी प्रकार के वाहनों को बाजार आने जाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। जबकि अंदर बाजार में दो प्रमुख बैंकों यथा यूनियन बैंक तथा ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स की शाखा है।जहां वाहनों के आवागमन में प्रयुक्त मुख्य सड़क काफी संकीर्ण हो गई है। मेन रोड की सड़क के दोनों ओर के दुकानदार फुटपाथ को अपना बताते हुए कब्जा जमा कर दुकान लगाते हैं।शेष बचे फुटपाथ पर सब्जी एवं फल दुकान व ठेला लगता है।यह सिलसिला जय प्रकाश चौक से लेकर दोमुहाना चौक,फुलवारी गली के गेट तक तथा मेन रोड के दुकानदार द्वारा माफी गली तक अपनी दुकानों के आगे का फुटपाथों पर अपना हक जमाकर किराए की वसूली किया करते हैं। फलत बाजार के ग्राहकों की भीड़ भाड़ वाली जगहो पर वाहनों के आने जाने में जाम का सामना करना होता है।नगर के जयप्रकाश चौक से पशिचम पकरीबरावां एवं बरबीघा जाने के लिए रेलवे गुमटी पार करना होता है।परंतु जब भी कोई ट्रेन की सूचना होती है तब काफी समय तक रेल फाटक बंद मिलता है। जो परेशानी को और बढ़ा देती है। ऐसे में व्यक्ति अगर वाहन से स्टेशन पहुंचकर



ट्रेन पकड़ना चाहे तो ज्यादातर ट्रेन छूट जाती है। इस प्रकार अंदर बाजार स्थित यूनियन एवं ओबीसी बैंक की शाखा एवं एटीएम के पास लोग 10 बजे दिन के बाद चाहकर कर भी ससमय नहीं पहुंच पाते हैं। यही नहीं अगर आपके घर कोई फंग्शन, शादी या श्राद्ध है। और आप अपनी मालवाहक गाड़ी से बाजार में खरीदी गई सामानों को घर लाने को ले आपको रात के आठ बजने का प्रतीक्षा करना पड़ता है। दिन में बाजार की ओर मालवाहक वाहन ले जाना मुश्किल भरा कार्य होगा। जिले में मुख्यमंत्री का कार्यक्रम के चलते रेगुलर अतिक्रमण हटाने का कार्य बन्द था।अब नियमित फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करवाने का कार्य किया जाएगा। समीर कुमार कार्यपालक पदाधिकारी,नप वारिसलीगंज (नवादा)।

- एक माह पहले चलाया अतिक्रमण हटाने का कार्य पुनः दूसरे दिन यथावत हो गया
- एंबुलेंस व स्कूली बच्चों से भरा वाहन समेत किसी भी वाहनों को बाजार आने जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता

## जिला उपाध्यक्ष प्रशांत बनर्जी के नेतृत्व में याद किए गए वीर शहीद जवान

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** शुक्रवार को भागलपुर जिला युवा कांग्रेस कमिटी के द्वारा भगत सिंह चौक पर पुलवामा में हुए आतंकी हमला मैं शहीद जवानों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जिला उपाध्यक्ष प्रशांत बनर्जी कर रहे थे। मौके पर भागलपुर जिला युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रशांत बनर्जी ने मीडिया को संबोधित करते हुये कहा कि भागलपुर जिला युवा कॉंग्रेस कमिटी के की ओर से लगातार पिछले 5 वर्षों से श्रधांजिल सभा का आयोजन किया जाता है।और और इस प्रकार आगे भी करते रहेंगे । देश की खातिर जान गवाने बाले विरो को देश कभी भूल



नही सकता और विरो का बलिदान के कारण ही आज देश सुरक्षित है । ऐसे विरो को आज पूरा देश नमन कर्ता है। प्रधानमंत्री मोदी से मांग करते है। पुलवामा हमले की जांच की जॉय और दोषयो को सजा हो तभी हमारे देश के वीर सपूत को सच्ची श्रद्धांजलि दी जाएगी ।मौके पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अमित आनंद एवं संजय राणा और महिला जिला अध्यक्ष चांदनी कुमारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित युवा कांग्रेस सुल्तानगंज विधानसभा अध्यक्ष गौरव कुमार , उपाध्यक्ष राकेश कुमार यादव, भानु यादव ,अमन मीनाथी अमन सिंह ,अभिनन्दन भागलपुर जिला कांग्रेस कमिटी के सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर नीलेश कुमार दिव्यांशु,प्रदेश सचिव ओबेसी सेल के प्रदेश सचिव भानु यादव , प्रवीण एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### गोड्डा : पुलिस निरीक्षक व थाना प्रभारी ने लिया मंदिरो की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, ग्रामीणों को दिए आवश्यक निर्देश



लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गोड्डा(झारखंड)। मंदिरों की व्यवस्था को लेकर सदर पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक एवं मोतिया ओ पी प्रभारी महावीर पंडित ने मिलकर ओ पी क्षेत्र के बक्सरा, मोतिया, सिकटिया सहित कई गांवों के मंदिरों का दौरा किया तथा उपस्थित ग्रामीणों से मंदिरों की सुरक्षा संबंधी जायजा लेते हुए कई अवश्य दिशा निर्देश दिए। पुलिस निरीक्षक मधुसूदन मोदक ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक मंदिर में सी सी टीवी कैमरे अवश्य लगवाएं, शराबियों, नशेड़ियों आदि असामाजिक तत्वों को मंदिर में प्रवेश न करने दे, दानपेटी एवं मंदिर गेट में मजबूत ताला लगवाएं, मंदिर समिति की ओर से वॉलिंटियर्स की व्यवस्था करें, किसी भी घटना की सूचना पुलिस को ससमय दीजिये। थाना प्रभारी महावीर पंडित ने कहा कि मंदिर के सुरक्षा की दृष्टि से किसी न किसी व्यक्ति को रात्व के समय मंदिर परिसर में अवश्य रखे। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को देखने पर इसकी सूचना तत्काल थाना को दे। इसमें पूर्व मुखिया हेमन्त कुमार, पूर्व उपमुखिया मनेष यादव, दीपक मंडल, सत्यम कुमार, ओम कुमार मंडल, कृष्णा कुमार, अवदेश ठाकुर, दिनेश यादव, राहुल मंडल, मनीष यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### जामा थाना क्षेत्र के दुमका जसीडीह रेलखण्ड पर सिलांदा गांव के पास ट्रेन से कटकर महिला की मौत

लोक तंत्र कीआवाज
मेमोलेट शेख
जामा(दुमका)। जामा थाना क्षेत्र के दुमका जसीडीह रेलखण्ड पर सिलांदा गांव के पास शुक्रवार को पोल संख्या 61/7 एवं 61/8 के बीच ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गई है। महिला की पहचान जागों देवी उम्र 66 वर्ष पति जगदीश मांझी सा० सिलांदा थाना जामा जिला दुमका के रूप में हुई है। मामले में जामा थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि महिला की मौत ट्रेन से धक्का लगने से हो गई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही जामा थाना पुलिस ने घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु फूलों झानू मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका भेज दिया है और अग्रीम कार्रवाई की जा रही हैं।



### अधिकार मित्र ने चलाया जागरूकता अभियान,ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी



लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
कुंदा(चतरा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा जिला सचिव के निर्देशानुसार 14 फरवरी को प्रखंड के चाया व पचरूखिया गाँव में 90 दिवसीय आउटरिच कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। लोगो को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, महिला सशक्तिकरण, डायन बिसाही, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, बच्चों का शिक्षा के मौलिक अधिकार, और वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली नि:शुल्क विधिक सेवाएं समेत अन्य जानकारी दी गई। वही नालसा द्वारा जारी 15100 टोल फ्री नंबर और संविधान में संशोधित नए कानून की जानकारी भी दी गई।इस अभियान में संजय कुमार चौधरी, मुन्ना दास,अजीत कुमार, किरण कुमारी, व प्रवीण पासवान ने भाग लिया और उपस्थित लोगों को नि:शुल्क कानूनी जानकारी दी ।

### पलामू : नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जैप हवलदार की मौत, डगरा पिकेट में थे तैनात




लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
पलामू(झारखंड)। नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जैप 8 के एक हवलदार की मौत हो गई है. मृतक हवलदार छोटन राम गढ़वा के रहने वाले थे. छोटन राम पलामू के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के डगरा पिकेट में तैनात थे. गुरुवार की रात तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें छतरपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. मृतक हवलदार छोटन राम के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया गया है. परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है. परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं. पोस्टमार्टम की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी. पोस्टमार्टम के बाद लेस्लीगंज स्थित जैप 8 के मुख्यालय में छोटन राम को सलामी दी जाएगी. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि तबीयत बिगड़ने के बाद हवलदार छोटन राम को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. दरअसल छोटन राम पलामू के डगरा पिकेट में तैनात थे. डगरा पिकेट बिहार के गया से सटा हुआ है. जहां से सीमावर्ती इलाके में नक्सल विरोधी अभियान चलाया जाता है. छोटन राम पिछले छह महीने से पिकेट में तैनात हैं और नक्सल विरोधी अभियान में हिस्सा ले रहे थे. गुरुवार की देर रात बेचैनी और तबीयत खराब होने की शिकायत के बाद पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल ले गई।

# एम्स देवघर की ओर से कल्याणपुर में नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता रैली का आयोजन

लोक तंत्र कीआवाज

**मेमोलेट शेख**
**देवघर** । एम्स देवघर की ओर से फाइलेरिया (हातिपाओ) की रोकथाम के लिए मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान के अंतर्गत कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (डॉ.) सौरभ वर्श्नेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को कल्याणपुर में जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (ठउश्इउ़) के सहयोग से आयोजित किया गया। इस आयोजन का सफल संचालन डॉ. बिजित बिस्वास, सहायक प्रोफेसर, सीएफएम एवं एमडीए कोऑर्डिनेटर, एम्स देवघर द्वारा किया गया।

रैली की शुरुआत सुबह 11:00 बजे शहरी प्राथमिक स्वास्थ्यकेंद्र कल्याणपुर,देवघर से हुई और 12:30 बजे वहीं समाप्त हुई। इस दौरान एमबीबीएस छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए, जिनमें लसीका फाइलेरिया के कारण, इसके प्रभाव, पर्यावरणीय स्वच्छता की भूमिका और एम डी ए दवा के वार्षिक सेवन की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय समुदाय को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया गया और एम डी ए दवा सेवन के महत्व को समझाया गया।



रैली के दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक नारे लगाए, जिससे पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। ₹एमडी ए खाएंगे, देवघर, झारखंड, भारत को फाइलेरिया मुक्त बनाएंगे₹ और ₹फाइलेरिया रोधी दवा खाएंगे, देवघर, झारखंड, भारत को फाइलेरिया मुक्त बनाएंगे₹ जैसे नारों के माध्यम से जनसमुदाय को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया।फाइलेरिया एक गंभीर परजीवी रोग है, जो हाथी पांव और स्थायी विकलांगता का कारण बन सकता है। यह बीमारी केवल सुरक्षित और प्रभावी एम डी ए दवा के नियमित सेवन से ही रोकी जा सकती है। एम डी ए की यह दवा उन लोगों को लेनी चाहिए जिन्हें पहले से फाइलेरिया है ताकि रोग की गंभीरता को बढ़ने से रोका जा सके, और उन लोगों को भी लेनी चाहिए जिन्हें यह बीमारी नहीं है ताकि वे फाइलेरिया से सुरक्षित रह सकें।

एम डी ए की दवा सभी स्वस्थ व्यक्तियों को दी जा सकती है, लेकिन एक वर्ष से कम उम्र के शिशुओं, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार (बिस्तर पर पड़े या टर्मिनल रूप से बीमार) रोगियों को इसका सेवन नहीं करना चाहिए। यह अभियान फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एम्स देवघर सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे इस सुरक्षित और प्रभावी एम डी ए दवा का सेवन करें और फाइलेरिया मुक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। हर साल एमडीए जरूरी, फाइलेरिया मुक्त जीवन की गारंटी झ्र दवा खाएं, जागरूक बनें, स्वस्थ भारत गढ़ें।

# मां गई थी कुंभ नहाने! खून से लथपथ बेटा चिल्लाता रहा, हुई मौत, छानबीन में जुटी पुलिस



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)**। मां कुंभ स्नान के लिए गई हुई थी, खून से लथपथ बेटा घर के बाहर मदद की गुहार लगाता रहा लेकिन किसी ने मदद नहीं की. दरअसल मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के आबादगंज में संदिग्ध हालत में एक युवक का शव उसके घर से बाहर बरामद किया गया है. युवक की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है.

राजेश कुमार की मां कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गई हुई है. जबकि राजेश का एक भाई जेल में बंद है. राजेश के शरीर में कई जगह गहरे जख्म के निशान हैं, जिसके बाद पुलिस को आशंका है कि हत्या हुई है. पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जिस जगह पर राजेश का घर है और शव बरामद हुआ है वहां से

> ● पलामू में एक शख्स का शव मिला है. शव उसके घर के पास ही मिला है. घटना मेदिनीनगर टाउन थाना की है.

करीब 100 मीटर की दूरी रेलवे पटरी है. पुलिस को घटना से जुड़ी हुई सीसीटीवी फुटेज बरामद हुई है.

मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि घटनास्थल और शव को देखने के बाद लगता है कि युवक की हत्या हुई है. स्थानीय वार्ड पार्षद के फर्द बयान के आधार पर हत्या की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है और पूरे मामले में छानबीन की जा रही है. उन्होंने बताया कि पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से कई बातों की जानकारी मिली है. युवक का घर से कुछ ही दूरी रेलवे पटरी है, जख्मी हालत में भी युवक घिसकते हुए अपने दरवाजे तक गया है. दरवाजे पर युवक मदद के लिए काफी देर तक चीखा और बाद में युवक की मौत हो गई थी।

## जनता दर्शन में पहुंचे लोगों की समस्याएं को सुना विधायक ने की फरियादियों की सुनवाई दिए समाधान के निर्देश



लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)**। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव के आवासीय कार्यालय में प्रतिदिन की तरह जनदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए आम नागरिकों से विधायक ने आत्मीय मुलाकात कर उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना। इस अवसर पर लोगों ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा। विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में यह मेरा प्राथमिक एवं परम दायित्व है कि जन समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण हो। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु सभी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु विधायक अमित कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा सभी समस्या का समाधान अथा सिर्घ किया जाय ।

# सोनतुरपी सड़क हादसे में मृतकों की याद में शोक श्रद्धांजलि सभा,बगोदर के पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह समेत सैकड़ों लोग रहे शामिल

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)**। सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन के दरम्यान वर्ष 2016 के 14 फरवरी को बगोदर के जीटी रोड सोनतुरपी में हुए भयानक सड़क दुर्घटना में मारे गए समाजसेवी रामप्रसाद वर्णवाल,सुखदेव पंडित,संजय वर्णवाल समेत सभी बारह लोगों की 9 वें स्मृति दिवस के अवसर पर भाकपा माले ने शोक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जिसमें बगोदर के पूर्व भाकपा माले विधायक विनोद कुमार सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे.श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत सभी मृतकों की याद में एक मिनट का मौन रखा गया और फिर बारी बारी से उनके स्मृति चित्र में माल्यार्पण किया गया.



कार्यक्रम का संचालन जरमुने पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि सह माले नेता संतोष कुमार रजक ने किया।उक्त शोक श्रद्धांजलि सभा में बोलते हुए पूर्व विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन के दरम्यान जीटी रोड सोनतुरपी में हुए सड़क हादसा बगोदर के इतिहास में सबसे बड़ी सड़क दुर्घटना रही है जिसमें बारह लोगों की मौत हो गई थी.उक्त सड़क हादसे के सभी मृतकों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि हम सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन करें और सभी मोटर साइकिल चालक आवश्यक रूप से हेलमेट का इस्तेमाल करें.सोनतुरपी सड़क दुर्घटना के बाद बगोदर में ट्रामा सेंटर बनाने की मांग जोरदार ढंग से उठी थी.परिणामस्वरूप बगोदर ट्रामा सेंटर अस्तित्व में लाया गया जहां सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को तत्काल इलाज की सुविधा मिल सके।बगोदर में ट्रामा सेंटर को और भी जीवंत व सुविधायुक्त बनाना आनेवाले दिनों के लिए हमारा बड़ा टास्क होगा.

मौके पर माले प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो,पूर्व जिप सदस्य पूनम महतो,उप प्रमुख हरेंद्र कुमार सिंह,इनौस प्रदेश अध्यक्ष संदीप जयसवाल, जरमुने पश्चिमी मुखिया सह माले नेता संतोष कुमार रजक, जरमुने पूर्वी पंस प्रियंका साव,मुखिया संघ अध्यक्ष सरिता साव,राजू साव,सुजीत शर्मा,जयप्रकाश राम,तेजनारायण पासवान, पुरन कुमार महतो,हरे कृष्णा रविदास,पवन पासवान,सुधीर सिंह,गुड्डू सिंह,शंकर साव, पुरन चंद महतो,मनोहर माली,हेमलाल महतो,राजकुमार दास,बीरेंद्र पटेल जरमुने पश्चिमी पंचायत के उप मुखिया शेख मोकिम,अनुप ठाकुर, सुखदेव दास, योगेन्द्र दास,विकास पासवान,सुरज तुरी सीताराम तुरी,विकास सोनी शेरुल अंसारी, विककी रजक सुभाष ठाकुर,पिंटु सोनी, मोती पासवान,नरेश पासवान,सुरेश महतो समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# पाण्डेयपुरा : शब–ए–बारात को लेकर सज धज कर तैयार मस्जिद

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**हंटरगंज(झारखंड)**।पाण्डेयपुरा शब–ए–बारात यानि इबादत की रात, मुस्लिम समुदाय में इस रात की खास अहमियत है। इस रात में की जाने वाली इबादत का सवाब कई गुना ज्यादा मिलता है। शुक्रवार को शब–ए–बारात मनाई जाएगी। मस्जिदों में सभी तैयारियां मुकम्मल की गई हैं। खास तौर पर मस्जिदों और मदरसों को रंग–बिरंगी झालरों से सजाया गया है। वहीं, इबादत के बीच कब्रिस्तानों में चिरागां होगा, दुनिया से गुजर चुके लोगों की मगफिरत के लिए अल्लाह की बारगाह में लोग दुआ करेंगे। शब–ए–बारात को लेकर इबादत मे हाफ़िज़ अंसारी,मक़बूल अंसारी,जीशान अली,नवाज़ अली,फैज़ी अली,इरशाद अली,मुहिउद्दीन अंसारी ,हमज़ा अंसारी समेत सैकड़ो लोग शामिल हुए।



# पलामू एसपी ने 3 जवानों को किया निलंबित कैदी भागने के मामले में हुई कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)**। जिले में तीन पुलिस जवानों को निलंबित किया गया है. तीनों जवानों पर ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप है. निलंबित होने वाले तीनों जवान मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के कैदी वार्ड की सुरक्षा में तैनात थे. निलंबित होने वाले तीनों जवानों की जगह कैदी वार्ड की सुरक्षा में नए जवानों को तैनात किया गया है.

दरअसल, सात फरवरी को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के कैदी वार्ड से हत्या का आरोपी ऋषिकेश दुबे फरार हो गया था. कैदी फरार होने के मामले में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया गया था. जांच रिपोर्ट में तीनों जवानों की लापरवाही पकड़ी गई थी. पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने भी गुरुवार



> ● पलामू के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के कैदी वार्ड में तैनात तीन पुलिस जवानों को एसपी रीष्मा रमेशन ने निलंबित कर दिया है

को कैदी वार्ड का जायजा लिया था. पूरे मामले में अस्पताल से फरार होने वाले आरोपी के ससुर के खिलाफ भी जांच की जा रही है. क्योंकि आरोपी के ससुर भी जेल की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात हैं. हत्या का आरोपी दिसंबर 2023 से पलामू सेंट्रल जेल में बंद था.

बीमारी की शिकायत के बाद घटना से नौ दिन पहले आरोपी ऋषिकेश दुबे को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल के कैदी वार्ड में शिफ्ट किया गया था. कैदी वार्ड में हाथ मुंह धोने के बहाने आरोपी बाहर निकला और फिर फरार हो गया. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. इस पूरे मामले को लेकर आरोपी के करीबी और रिश्तेदारों की भी भूमिका निकलकर सामने आई है।

# भाजपा संगठन पर्व की प्रक्रिया को तेजी के साथ पूर्ण करने हेतु मंडल अध्यक्षों की हुई बैठक

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गोड्डा(झारखंड)**। भाजपा कार्यालय गोड्डा में गोड्डा विधानसभा के पथरगामा,गोड्डा नगर,गोड्डा ग्रामीण, वीसाहा मंडल की संगठन चुनावी प्रक्रिया को तेजी से पूर्ण किया जाय इस निहित जिला चुनाव संगठन अधिकारी श्री अभय सिंह ने जायजा लेते हुए आवश्यक निर्देश सभी मंडल संगठन चुनाव प्रभारी को दिया गया।



मौके पर सभी चुनाव प्रभारी से सभी शक्ति केंद्र प्रभारी से प्रगति की रिपोर्ट लेते हुए 3 दिनों के अंदर सभी शक्ति केंद्र के संयोजक,सह संयोजक सभी बूथों की 12 सदस्यीय कमिटी बनाकर पूर्ण करने को कहा गया ताकि मंडल अध्यक्ष का चुनाव बूथ अध्यक्षों द्वारा किया जा सके तभी जिला अध्यक्ष का चुनाव तय समय के अंदर किया जा सके व प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में जिला अध्यक्ष शामिल हो सके।मौके पर जिला सदस्यता प्रभारी मुरारी चौबे,जिला महामंत्री राजेश टेकरीवाल,जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती,जिला मंत्री नितेश सिंह,जय शंकर सिंह,पवन झा, आशीष यादव,जीतू सिंह,राजेश भगत,पप्पू शर्मा,शिवराम जी,प्रताप दत्ता, मणिकांत महतो,जयप्रकाश सिंह,मौजूद थे। ये जानकारी सह मिडिया प्रभारी प्रितम गाडिया ने दी।

# पति-पत्नी के बीच तीसरा कौन? पलामू पुलिस के पास पहुंच रही शिकायते

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)**। पति–पत्नी का रिश्ता विश्वास की डोर से बंधा रहता है, लेकिन जब पति–पत्नी एक–दूसरे पर शक करने लगे तो दोनों का जीवन नरक के सामान हो जाता है. अक्सर पति–पत्नी के बीच विवाद का कारण एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर बनता है. ऐसी कई शिकायतें पलामू पुलिस के पास इन दिनों आ रही हैं. दंपती शिकायतें लेकर पुलिस के पास पहुंच रहे हैं.



**केस स्टडी –01**
गुरुवार को मेदिनीनगर टाउन थाना में एक महिला शिकायत लेकर पहुंची थी. उसने पुलिस को बताया कि उसके पति का संबंध किसी अन्य महिला से है और पति उसी से बातचीत करते हैं. वहीं कुछ देर बाद पति भी थाना पहुंचता है और पुलिस को बताता है कि उसकी पत्नी भी किसी अन्य व्यक्ति से बात करती हैं.

**केस स्टडी–02**
पलामू के हरिहरगंज के रहने वाली एक महिला ने पुलिस से शिकायत की है कि उसके पति का किसी अन्य महिला के साथ संबंध है. मामले में पति ने भी पत्नी पर कई आरोप लगाए हैं.

> ● पलामू के विभिन्न थानों में दंपती के बीच आपसी विवाद की शिकायतें पहुंच रही हैं. ज्यादातर मामले पति–पत्नी के बीच शक के आ रहे हैं

**आपसी रिश्तों में बढ़ा शक का दायरा:** पिछले कुछ वर्षों में आपसी रिश्ते में शक को लेकर पुलिस के पास पहुंचने वाली शिकायतों में बढ़ोतरी हुई है. ऐसी शिकायतें शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ी हैं. पलामू के मेदिनीनगर, छतरपुर और हुसैनाबाद के महिला थानों में आपसी रिश्तों में शक को लेकर शिकायतें पहुंच रही हैं. मेदिनीनगर टाउन महिला थाना में हर महीने दो दर्जन शिकायतें पहुंचती हैं, जबकि छतरपुर महिला थाना में हर महीने 25 से 30 शिकायतें पहुंच रही हैं.

**रिश्तों को बचाने की कोशिश कर रही पुलिस :** वहीं शक के बिनाह पर की गई शिकायतों की पुलिस जांच में कई बातें सामने आई हैं. कई शिकायत ऐसी पाई गई जिसमें कोई आधार नहीं था. पति या पत्नी मोबाइल में अधिक व्यस्त रहते थे. जिस कारण दोनों में शक बढ़ गया. इस संबंध में मेदिनीनगर टाउन महिला थाना प्रभारी रूपा बाखला ने बताया कि शिकायतों की संख्या बढ़ रही है. पुलिस शुरुआत में काउंसलिंग करती है. काउंसलिंग के माध्यम से रिश्तों को बचाने की कोशिश की जाती है. मोबाइल के कारण कई विवाद सामने आए हैं. वहीं छतरपुर की महिला थाना प्रभारी मुन्नी कुमारी ने बताया कि हर महीने 25 से 30 शिकायतें आ जाती हैं. जांच में कई बात सामने आती हैं. विवाद किसी और चीज का रहता है, लेकिन शिकायत कुछ और की जाती है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### दलित समागम सम्मेलन में गया जिला से 50000 लोग समागम सम्मेलन में भाग लेंगे



लोकतंत्र की आवाज़
गया। 28 फरवरी 2025 को पटना के गांधी मैदान में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा सेकुलर द्वारा आयोजित होगा "दलित समागम" सम्मेलन है। जिसमें पूरे बिहार के कोने–कोने से गांधी मैदान में लाखों लोगों का होगा जुटान है। गया जिले से भी लगभग 50000 लोग समागम सम्मेलन में होंगे शरीक है। यह बातों की जानकारी गया परिसदन में प्रेस वार्ता में हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और मगध प्रमंडल प्रभारी सरोज सिंह, विधायक बराचट्टी ज्योति देवी , जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ,गया महानगर अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने संयुक्त रूप से दी है। इस सम्मेलन में पार्टी के संरक्षक व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार जीतन राम मांझी ,पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन , पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार एवं पार्टी विधायक उपस्थित रहेंगे।बाराचट्टी विधायक ज्योति देवी ने कहा सम्मेलन का उद्देश्य प्रदेश के तमाम गरीबों दलितों के बीच राजनीतिक जागरूकता और एकजुटता के लिए संकल्पित करना है। जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने कहा सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूरे जिले में जनसंपर्क चलाया जाएगा। जिले के सभी प्रखंडों से समर्पित और ऊर्जावान कार्यकर्ता भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएंगे।

### गिरिडीह बोडो में पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण की विधिवत शुरुआत



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ )
गिरिडीह ,झारखंड। गिरिडीह बोड़ों में पांच दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण की शुरुआत हो गई यह प्रशिक्षण 14.2 .2025 .से 18.5 .2025 तक चलेगी। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के हॉर्टिकल्चर डिविजन के माध्यम से मधुमक्खी पालन हेतु प्रशिक्षण के लिए जय माता दी मधुमक्खी पालक कल्याण समिति का चयन किया गया। जिसके पदाधिकारी उपस्थित मधुमक्खी पलकों को प्रशिक्षण देंगे इसमें जय माता दी मधुमक्खी पालक कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह जी, सचिव विजय कुमार जी , एवं मुख्य प्रशिक्षक सुनील पटेल जी हैं। जिला उद्यान पदाधिकारी वरुण कुमार जी जो कि इस प्रशिक्षण उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। यहां मुख्य प्रशिक्षक सुनील पटेल जी ने बखूबी मंच को संभालते हुए उपस्थित सभी प्रशिक्षक बांधों का स्वागत किया परंतु सबसे पहले सूर्य प्रताप सिंह जी ने उद्यान पदाधिकारी वरुण कुमार जी को भूखे देकर उनका स्वागत किया इसमें उपस्थित लोगों के बीच उद्यान पदाधिकारी ने अपने विचार को रखते हुए फल एवं हरी सब्जी की खेती हेतु सदा कार्यालय आकर संपर्क करने की बात की। प्रशिक्षण में नवादी डुमरी सरिया इत्यादि स्थानों से लोग आए हुए थे ।सूर्य प्रताप सिंह जी ने बताया कि मधुमक्खी पालन से सिर्फ मधु ही नहीं बल्कि इससे मॉम जेली एवं पराग से उत्पाद मिलते हैं एवं इसके डंक से अर्थराइटिस से आराम मिलता है। यहां ध्यान देने योग्य यह बात है कि झारखंड एक पठारी इलाका है और यहां मधुमक्खी पालन एक चुनौती पूर्ण कार्य है लेकिन यदि मधुमक्खी पालक इस चुनौती पर विजय प्राप्त कर ली तो रुपयों की मानसून आपके आंगन होगी।

### कौमी एकता का प्रतीक है दाता मंगह शाह की मजार , राज्य स्तरीय दर्जा मिले : कर्रार खान

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत मिल्की गांव स्थित हजरत सैयदना दाता मंगह शाह रहमतुल्लाह अलैहे की मजार शरीफ कौमी एकता का प्रतीक है। यहां हर वर्ष दोनो समुदाय के लोग मिल जुल कर भाईचारे का प्रतीक दिखाते हुए। बाहर से आने बाले जायरीनों की सेवा करते है। बिहपुर के राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी कर्रार खॉ, युवा राजद जिला अध्यक्ष अमन आनंद, मुमताज आलम,उतन कुमार, मदेवाषिश शर्मा, मोहम्मद अल्तमस,रंजीत कशेरी, अशोक मालाकार, मेहरबान आलम ,इम्तियाज आलम आदि लौगो का कहना है कि इस मेले को सरकार राज्य स्तरीय दर्जा दे यहॉ पर स्थाई यात्री सेड ,बजू खाना , पेय जल और शौचालय वह अन्य की व्यवस्था की जाए ।

# डीएम की अध्यक्षता में कर करेंतर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक रानी लक्ष्मीबाई विकास भवन सभागार में आयोजित हुई

लोक तंत्र की आवाज



**उरई जालौन ।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में कर–करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में जनपद शीर्ष स्थान होने पर समस्त अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जनपद को शीर्ष स्थान पर काबिज रखने के लिए इसी प्रकार अपने कार्यों का निर्वहन करें, और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकरी योजनाओं को पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित करें। उन्होंने भू राजस्व, परिवहन, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, मंडी, विद्युत सहित अन्य विभागों के अधिकारियों से उनके निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप राजस्व वसूली की स्थिति की समीक्षा की।विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले राजस्व की शत–प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से वाणिज्य कर, विधुत और आबकारी विभाग के अधिकारियों को राजस्व वसूली के प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम होने पर, प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्टांप ऋपवंचन में प्रभावी कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खनन और परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि वे सक्रिय रहते हुए प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाएं। अवैध परिवहन, बिना रॉयल्टी के चलने वाले वाहन, बिना नंबर प्लेट के वाहन और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन संबंधी कार्यवाही की योजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और धर–पकड़ अभियान चलाकर लोकेशन माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर जेल भेजा जाए।जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को 5 वर्ष और 3 वर्ष पुराने राजस्व वादों व अन्य वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह, सरकारी संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा अभियान चलाने का निर्देश दिए। अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जाए, यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष दिशा–निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने और शासन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभाग अपने कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता दिखाएं।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, समस्त उप जिलाधकारी, तहसीलदार व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# खगड़ियि सांसद राजेश वर्मा ने विभागीय मंत्री को पत्र लिखकर मटेश्वर महोत्सव के लिए राशि आवंटित करने की मांग की है

लोकतंत्र की आवाज



**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा।** खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजेश वर्मा ने बिहार सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री विजय कुमार सिंहा को पत्र लिख कर जल्द से जल्द मटेश्वर धाम महोत्सव के लिए राशि आवंटन करने की मांग की हैं। सांसद राजेश वर्मा ने मंत्री विजय कुमार सिंहा को लिखे पत्र मे कहा हैं कि सिमरी बख्तियारपुर के कांठो पंचायत स्थित बाबा मटेश्वर धाम लाखों लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। मटेश्वर धाम में लंबे समय से महाशिवरात्रि के अवसर पर मटेश्वर धाम महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है, इसके लिए वित्तीय वर्ष 2021–22 में कला संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा सांस्कृतिक महोत्सव के कैलेंडर में शामिल किया गया था।

पिछले वर्ष भी मटेश्वर महोत्सव के लिए घोषणा कर राज्य सरकार के द्वारा राशि भी जारी किया गया है परंतु लोकसभा चुनाव के कारण आयोजन नही हो पाया था परंतु इस वर्ष 2025 में शिवरात्री के मौके पर मटेश्वर महोत्सव हेतु स्थानीय लोग बहुत ही उत्साहित थे परंतु अभी तक महोत्सव हेतु विभाग से इसकी सूचना या राशी जारी नही किया गया है और ना ही इसके आयोजन के लिए पहल किया गया है। सांसद ने कहा कि आपसे अनुरोध है की मटेश्वर धाम महोत्सव को कला संस्कृति एवं युवा विभाग के सांस्कृतिक कैलेंडर में पुनः शामिल किया जाये तथा वर्ष 2025 में मटेश्वर धाम महोत्सव के आयोजन हेतु राशी निर्गत किया जाये ताकि स्थानीय लोग यह ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन कर सके. जिससे हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा मिलती रहे।

**उपेक्षा से लोगो मे हैं आक्रोश:** महाशिवरात्रि पर आयोजित होने वाले मटेश्वर धाम महोत्सव को लेकर अब तक ना कोई सुगबुगाहट है और ना ही तैयारी शुरु हो पाई हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में मायुसी है। कला संस्कृक्ति एवं युवा विभाग के कैलेंडर में यह महोत्सव शामिल था। वर्ष 2022 और 23 में इसका सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड क्षेत्र के बलवाहाट के कांठो स्थित प्रसिद्ध बाबा मटेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर आयोजन हुआ था. महोत्सव के मौके पर तीन दिनों तक सुरों की महफ़िल सजी थी नामचीन कलाकारों की प्रस्तुति हुई थी। लेकिन इस बार कला संस्कृति एवं युवा विभाग के द्वारा बाबा मटेश्वर महोत्सव 2024/25 के आयोजन को लेकर कोई आवंटन नहीं दिया गया है और ना ही कार्यक्रम आयोजन को लेकर कोई सहमति दी गई है। बाबा मटेश्वर महोत्सव के आयोजन के प्रति उपेक्षा से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है।

# औराई विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



**लोकतंत्र की आवाज**
**दीपक कुमार, गायघाट।** औराई विधानसभा क्षेत्र के रामपुर पंचायत में ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम योजना अंतर्गत रामपुर पीडब्लू डी से संभूता तक का रोड का शिलान्यास किया औराई विधायक राम सूरत राय ने किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष रौशन कुमार शर्मा , पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री हरिओम जी, श्री संजीत सिंह जी, चांद मुखिया जी, आरजू, गजनफर, महादेव, कृष्ण मोहन, सहित के साथीगण उपस्थित रहे। विशेष आभार माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, माननीय मंत्री अशोक चौधरी, ग्रामीण कार्य विभाग बिहार सरकार समेत कई लोग मौजूद थे।

# सामूहिक रूप से फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** पीरपैंती के प्रगति मैदान में आयोजित चैलेंजर कप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन पीरपैंती के माननीय प्रमुख श्रीमति रश्मि कुमारी, नगर अध्यक्ष श्रीमति सोनिका देवी, मानिकपुर पंचायत के माननीय मुखिया व जन सुराज पार्टी के माननीय जिला अध्यक्ष अरविंद साह , मुखिया प्रतिनिधि रविशंकर सिंहा,जन सुराज के कोर कमिटी सदस्य सह सलेमपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि श्री घनश्याम दास , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री अर्जुन गुप्ता , पीरपैंती के प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार, पीरपैंती के तेज तरार थाना प्रभारी नीरज कुमार, राजद के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत साह , जनसुराज के प्रखंड अध्यक्ष ,आयोजन समिति के सदस्य धीरज चौधरी से के साथ फीता काट कर विधिवत शुभारंभ किया गया।

एसडीपीओ 2 अर्जुन कुमार गुप्ता ने बाउलिंग किया और प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार ने बैटिंग करके इस मैच का श्री गणेश किया। इसके बाद हनी 11 वर्सिज जगदीशपुर का मैच प्रारंभ हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हनी 11 को टीम निर्धारित 16 ओवर में 9 विकेट को 215 रन बनाई ।जवाब में उतरी जगदीशपुर की टीम ने 13.2 बाल में तीन विकेट पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। मैन ऑफ मैच का पुरस्कार साजिद को दिया गया जिन्होंने इस मैच में 19 छक्का लगाया। इस अवसर पर हजारों लोग मैच का आनंद ले रहे थे। मैच के कॉमेंटेटर अनिल राय और परम कृष्ण गोस्वामी तथा निर्णायक सुरेंद्र भगत और बृजेश कुमार थे। मैच के आयोजन कर्ता चंदन शर्मा, मलय कुमार, अंजुम , नागा यादव, छोटू कुमार ,सूर्य कुमार ,राजन पांडे, दीपक कुमार ,नितीश कुमार, धीरज और रितेश थे। पूरे मैच के दौरान आयोजन समिति के सदस्य मैच सुचारू तौर पर संचालन करने में लग रहे।

# सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी के जमाकर्ताओं की मुश्किलें बढ़ीं, डिफिशिएंसी हटाने में आ रही दिक्कतें

लोकतंत्र की आवाज




**सीतापुर राकेश पाण्डेय**
**सीतापुर।** सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी में वर्षों से अपनी गाढ़ी कमाई जमा करने वाले जमाकर्ताओं की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। सरकार द्वारा रिफंड के लिए बनाए गए सीआरसीएस रिफंड पोर्टल पर आवेदन करने के बावजूद कई निवेशकों को अभी तक उनकी जमा राशि वापस नहीं मिल पाई है।

**डिफिशिएंसी हटाने में आ रही दिक्कतें :** जमाकर्ताओं का आरोप है कि सहारा इण्डिया और सी आरसीएस मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। कई लोगों के आवेदन पर डिफिशिएंसी (कमी) दिखा कर फाइल रोक दी गई है,लेकिन बार–बार सम्पर्क करने के बावजूद इन्हें दूर नहीं किया जा रहा।

**जमाकर्ताओं में आक्रोश :** लम्बे समय से धन वापसी का इंतजार कर रहे निवेशक अब सरकार और सहारा समूह से नाराज होते जा रहे हैं।कई जमाकर्ताओं ने शिकायत की है कि वे जरूरी दस्तावेज अपलोड कर चुके हैं, फिर भी उन्हें ₹डाटा इनकंप्लीट₹ या ₹रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं₹ जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**क्या कह रही सरकार और सहारा समूह? :** सरकार की ओर से अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि जिन जमा कर्ताओं को पैसा नहीं मिल रहा,उनके आवेदन में सुधार कैसे किया जाएगा।वहीं सहारा समूह की ओर से भी इस मामले में कोई स्पष्ट जवाब नहीं आया है।

**जमाकर्ताओं की मांग :** जल्द से जल्द डिफिशिएंसी हटाई जाए ताकि पैसा वापस मिल सके। सीआर सीएस पोर्टल को अधिक पारदर्शी बनाया जाए ताकि लोग अपनी स्थिति स्पष्ट रूप से जान सकें।सरकार सीधे हस्तक्षेप कर सहारा इण्डिया से जवाब तलब करे और रिफंड की प्रक्रिया तेज करे।

**क्या है समाधान? :** विशेषज्ञों का कहना है कि जिन लोगों के आवेदन में ₹डिफिशिएंसी₹ आ रही है, उन्हें सम्बन्धित सहारा कार्यालय में जाकर सही दस्तावेजों के साथ शिकायत दर्ज करनी चाहिए।साथ ही सरकार को इस मामले में सख्त कदम उठाने होंगे ताकि लोगों को उनकी गाढ़ी कमाई लौटाई जा सके। आखिर कब तक निवेशक अपनी ही जमा पूंजी के लिए दर–दर भटकते रहेंगे? सरकार और सम्बन्धित एजेंसियों को जल्द से जल्द इस पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

# भारतीय संस्कृति से खिलवाड़ सहन नहीं: ज्ञानेश पाल

लोकतंत्र की आवाज



**सीतापुर राकेश पाण्डेय**
**सीतापुर।** सिधौली हमराह एक्स कैडेट एन सी सी सेवा संस्थान के नेतृत्व में भगत सिंह,राजगुरु सुखदेव को एवं पुलवामा में वीरगति को प्राप्त हुए वीर शहीदों को श्रद्धासुमन भेंट करने के उद्देश्य से एक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन श्री वामन माध्यमिक विद्यालय बौनाभारी में किया गया।

शहीदों को श्रद्धांजलि देने के उपरान्त संस्थान के सचिव समाज सेवी ज्ञानेश पाल धनगर ने कहा कि भारत की युवा पीढ़ी अपने इतिहास को भूलती जा रही है।वैलेंटाइन–डे के मद में डूबी आज की पीढ़ी को शायद याद भी होगा कि आज ही के दिन चौदह फरवरी 1931 को लाहौर में फिरंगी अदालत द्वारा उक्त शहीदों को फांसी की सजा का फरमान सुनाया गया था। इसके अलावा आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में सेना के वीर जवानों पर आत्मघाती हमला हुआ था जिसमें हमारे देश के चौव्वालिस वीर सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए।इस लिहाज से चौदह फरवरी भारत के इतिहास का काला दिन है।

ज्ञानेश पाल धनगर ने कहा कि माता–पिता और अध्यापकों को युवाओं को जागरूक करना चाहिए ताकि वे पश्चिमी अश्लीलता को छोड़ भारतीय शालीनता का दामन थामे। आज–कल हम फिल्मों में हीरो देखते हैं वह हीरो नहीं है असल जिंदगी में हीरो देश का सैनिक है जो हमारी रक्षा के लिए तन मन से हमेशा लगे रहते है और देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने के लिए एक बार भी नहीं सोचते है। देश के जवान ही असल जिंदगी में एक रियल हीरो हैं। वैलेंटाइन डे को इन देश भक्तों के नाम करना चाहिए क्योंकि यह इसके सच्चे काबिल है।₹ उन्होंने कहा कि शहीद हुए अमर शहीदों की बदौलत ही हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। शहीदों को हमेशा सम्मान देना चाहिए और उनके बताए गए रास्तों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ युवा पश्चिम की संस्कृति को अपना रहे हैं। वेलेंटाइन डे मनाने की बजाय अपने माता–पिता की सेवा करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय मौर्य, सहायक अध्यापक राजाराम,आशीष मौर्य, नीलम भारती, रामधारी दिनकर, अनूप पांचाल, संजय मौर्य शिव जायसवाल दीपांशी रावत, शिवानी, रूकशाना, अतुल, अनुराग, रोशनी, नैन्सी, अंकेश, पिंकी के अलावा अध्यापक एवं छात्र– छात्राएं उपस्थित रहे।

# कदौरा नगर पंचायत पर एनजीटी का सबसे बड़ा एक्शन

लोक तंत्र की आवाज



- **तालाबों की दुर्दशा पर 36.80 करोड़ का लगाया जुर्माना, रोज 2.07 लाख जमा करने का आदेश**

**कदौरा जालौन।** कदौरा नगर पंचायत को राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) ने बड़ा झटका दिया है। एनजीटी ने तालाबों की दयनीय स्थिति देख और पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के लिए नगर पंचायत कदौरा पर 36 करोड़ 80 लाख 88,500 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह किसी नगर पंचायत पर लगाया गया अब तक का सबसे बड़ा जुर्माना है। मामला एनजीटी कोर कमेटी के सदस्य पुष्पेंद्र कुमार की रिपोर्ट से शुरू हुआ। जिन्होंने तालाबों की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया था। एनजीटी के निर्देश पर 7 जनवरी 2025 को किए गए निरीक्षण में पाया गया कि तालाबों में सीवेज और ठोस कचरे का निस्तारण नहीं किया जा रहा है। जल नमूना परीक्षण में तालाबों का पानी अत्यंत प्रदूषित पाया गया।

**पर्यावरण संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी:** यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, नगर पंचायत पर्यावरण संबंधी मामलों को गंभीरता से नहीं ले रही है। पहले भी 88 दिनों के उल्लंघन के लिए 1.82 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। अब 1,775 दिनों की उल्लंघन अवधि के लिए प्रतिदिन 2 लाख 7,820 रुपये की दर से जुर्माना लगाया गया है। पहले से ही वित्तीय संकट से जूझ रही नगर पंचायत के लिए इतनी बड़ी राशि का जुर्माना चुनौतीपूर्ण है। एनजीटी ने जुर्माने की वसूली भू–राजस्व की तरह करने का आदेश पहले से ही वित्तीय संकट से जूझ रही नगर पंचायत के लिए इतनी बड़ी राशि का जुर्माना चुनौतीपूर्ण है। एनजीटी ने जुर्माने की वसूली भू–राजस्व की तरह करने का आदेश दिया है। यह निर्णय अन्य नगर पंचायतों के लिए भी एक सख्त संदेश है कि पर्यावरण संरक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# किसानों का कल्याण एनडीए सरकार की प्राथमिकता: डॉ. दिलीप जायसवाल

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी उस दिन बिहार की धरती से ही किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर आज भागलपुर टाउन हॉल में पार्टी पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न बिंदुओं को लेकर विचार–विमर्श किया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, पूर्व उपमुख्यमंत्री तरकिशोर प्रसाद, बिहार के मंत्री संतोष सिंह, जनक राम, सुरेन्द्र मेहता जी, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी और ललन मंडल के अलावा भागलपुर के आसपास के 13 जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और कोर कमिटी के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हवाई अड्डा मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें भागलपुर और आसपास के 13 जिलों के किसान सहित पांच लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा ही किसानों की चिंता करते हैं।

प्रेस वार्ता में भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, प्रवक्ता प्रीति शेखर, भागलपुर के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार भी मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त पूरे देश के किसानों के लिए जारी करेंगे और किसानों की समृद्धि और आमदनी को लेकर भी चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सभा में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल होंगे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।